

महान राष्ट्र चिंतक
लोकमान्य
बाल गंगाधर तिलक जी
की पुण्यतिथि पर सादर वंदन।


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 15/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 01 अगस्त 2024 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## हिमाचल में 4 जगह बादल फटे, 2 मौतें, 52 लापता, जयपुर में घर के बेसमेंट में डूबने से 3 की मौत

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में बीती रात 4 जगह बादल फटे। इससे रामपुर के समेज खड्ड में कई घर बह गए। यहां 2 लोगों के शव मिले हैं, जबकि 52 लोग लापता हैं। छ्वक्र और स्छ्वक्र रेस्क्यू में जुटी है। वहीं, मलाणा में पार्वती नदी में पानी बढ़ने के बाद पावर प्रोजेक्ट का डैम टूट गया। कुल्लू और मंडी में भी भारी तबाही हुई है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की उज्जैन के लिए उड़ान अब रविवार को



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए शुरू की गई पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का अगस्त से विस्तार किया जा रहा है। अब इस सेवा का नया शेड्यूल जारी किया गया है। विभाग का दावा है कि यात्रियों की मांग को देखते हुए खजुराहो को भोपाल, ग्वालियर, रीवा और सिंगरौली से जोड़ा है। साथ ही भोपाल और जबलपुर से उज्जैन के लिए वायु सेवा को रविवार के दिन संचालित किया जाएगा। खजुराहो के लिए वायु सेवा का संचालन बुधवार, गुरुवार और शनिवार को होगा।

### पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा का शेड्यूल 1 अगस्त से...

- सोमवार को भोपाल-इंदौर-जबलपुर-रीवा-जबलपुर-इंदौर-भोपाल
- मंगलवार को भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरोली-रीवा-जबलपुर-भोपाल
- बुधवार को भोपाल-खजुराहो-रीवा-सिंगरोली-रीवा- खजुराहो- भोपाल
- गुरुवार को भोपाल-ग्वालियर-खजुराहो-रीवा-खजुराहो-ग्वालियर-भोपाल
- शनिवार को भोपाल-खजुराहो-रीवा-सिंगरोली-रीवा-खजुराहो-भोपाल
- रविवार को भोपाल-उज्जैन-भोपाल-जबलपुर-उज्जैन-भोपाल

## भारतीय सेना चिकित्सा सेवा को मिली पहली महिला डीजी, आज संभालेंगी पदभार

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को पहली महिला चिकित्सा सेवा महानिदेशक मिल गई है। बता दें लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर कल यानी 01 अगस्त 2024 को यह पदभार संभालेंगी। यह पदभार ग्रहण करने वाली वह पहली महिला हैं।



इससे पहले, साधना को अक्टूबर 2023 में एयर मार्शल पद पर प्रमोट कर हॉस्पिटल सर्विसेस (आर्म्ड फोर्सेज) की डायरेक्टर जनरल (छ्वत्र) बनाया गया था, और इस पद को भी हासिल करने वाली वह पहली महिला ऑफिसर थीं।

एयर लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर का परिवार भी सेना से जुड़ा हुआ है। उनके पति एयर मार्शल केपी नायर 2015 में इंस्पेक्शन एंड फ्लाइट सेफ्टी के छ्वत्र पद से रिटायर हो चुके हैं। साधना की बेटी और बहन डॉक्टर हैं, जबकि उनका बेटा भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट (फ्लाइट लेफ्टिनेंट) के पद पर कार्यरत है। पिछले सात दशकों में उनके परिवार की तीन पीढ़ियों ने सशस्त्र बलों में अपनी सेवाएं दी हैं। लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने अपनी स्कूली शिक्षा प्रयागराज के सेंट मैरी कॉन्वेंट और लखनऊ के लोरेटो कॉन्वेंट से पूरी की। इसके अलावा, उन्होंने तेजपुर, गोरखपुर, कानपुर और चंडीगढ़ के स्कूलों में भी पढ़ाई की। साधना ने पुणे के आर्म्ड फोर्सेस मेडिकल कॉलेज से स्नातक की डिग्री प्राप्त की और दिसंबर 1985 में इंडियन एयर फोर्स जॉइन की। उनके पास फैमिली मेडिसिन में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री है और उन्होंने नई दिल्ली एम्स में 2 साल का ट्रेनिंग प्रोग्राम भी पूरा किया है। साधना ने इजरायली रक्षा बलों के साथ सीबीआरएन युद्ध और स्विट्जरलैंड के स्पीज में स्विस सशस्त्र बलों के साथ मिलिट्री मेडिकल एथिक्स में भी पढ़ाई की है।

## इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख नहीं बढ़ाई, 31 जुलाई शाम 7 बजे तक 7 करोड़ से ज्यादा रिटर्न भरे गए

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख बीत गई है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने रिटर्न फाइल करने की आखिरी तारीख नहीं बढ़ाई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने




बताया है कि 31 जुलाई शाम 7 बजे तक 7 करोड़ से ज्यादा रिटर्न फाइल किए गए। 50 लाख से ज्यादा रिटर्न अंतिम दिन यानी 31 जुलाई को फाइल किए गए। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने उन टैक्सपेयर्स से रिटर्न फाइल करने की अपील की है, जिन्होंने फाइल नहीं किया है। डिपार्टमेंट ने कहा है कि टैक्स फाइलिंग में मदद के लिए 24/7 हेल्पडेस्क मौजूद है।

**शाम 7 बजे तक फाइल किए गए रिटर्न की संख्या 7 करोड़ से ज्यादा -** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक पोस्ट किया है। इसमें कहा गाय है कि 31 जुलाई को शाम सात बजे तक 7 करोड़ से ज्यादा रिटर्न फाइल किए जा चुके हैं। सिर्फ 31 जुलाई को शाम 7 सात बजे तक 50 लाख से ज्यादा रिटर्न फाइल किए गए। डिपार्टमेंट ने पोस्ट में कहा है कि हमारा हेल्पडेस्क रिटर्न फाइलिंग और इससे जुड़ी सेवाओं में मदद के लिए 24/7 मौजूद है। हम उन टैक्सपेयर्स से रिटर्न फाइल करने की अपील करते हैं जिन्होंने फाइल नहीं किया है।

## एमपी के 5 जिलों के 25 कॉन्स्टेबल सस्पेंड, आरक्षकों ने बैंड बजाने से किया इनकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में 25 कॉन्स्टेबलों को सस्पेंड कर दिया गया है। ये कॉन्स्टेबल एमपी के अलग-अलग 5 जिलों के हैं, जिन्हें एक हफ्ते के भीतर सस्पेंड किया गया है। सस्पेंड करने का कारण बस इतना है कि इन्होंने 15 अगस्त के परेड के लिए बैंड प्रशिक्षण में जाने से मना कर दिया था। ऐसे में मामला दो बार कोर्ट तक जा चुका है। वहीं पुलिस मुख्यालय ने तीन बार इसे लेकर अलग-अलग आदेश दिए हैं।



आरक्षकों को सस्पेंड करने का कारण बताते हुए पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आदेश का पालन नहीं करने पर यह एक्शन लिया गया है। आपको बता दें कि आरक्षकों को 15 अगस्त के परेड के लिए बैंड प्रशिक्षण में जाने के आदेश दिए गए थे। एमपी के सभी 5 जिलों ( रायसेन, मंदसौर, खंडवा, हरदा और सीधी ) के 25 कॉन्स्टेबल को सस्पेंड किया गया है।

एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्यमंत्री बनते ही प्रदेश के हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना करने का फैसला लिया। ऐसे में सीएम के आदेश के बाद पुलिस हेड क्वार्टर, भोपाल से एडीजी साजिद फरीद शापू ने 18 दिसंबर को सभी जिलों के एसपी के नाम आदेश जारी किया। आदेश में लिखा था कि हर जिले में पुलिस बैंड की स्थापना की जानी है। अपनी इकाई में पदस्थ आरक्षक से लेकर एएसआई रैंक तक के कर्मियों की सूची 25 दिसंबर तक विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय तक आवश्यक तौर पर भेजें। भेजे गए नाम ऐसे होने चाहिए जो 45 वर्ष की उम्र से कम हों। साथ ही वो बैंड दल में शामिल होने के इच्छुक हों। इनकी लिखित सहमति के आवेदन पत्र के साथ ही इनकी सूची विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय को भेजी जाए।



# जब मुख्यमंत्री ने गाया गाना -फूलों का तारा है, सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है...



### ये पावन धरती है, यहां से बेहतर त्यौहार की शुरुआत नहीं हो सकतीः यादव

**सतना।** चित्रकूट पहुंचे सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने मंच से लाड़ली बहनों के लिए फूलों का तारा है, सबका कहना है, एक हजारों में मेरी बहना है... गाना गाया। उन्होंने कहा कि भगवान कामतानाथ, माता मंदाकिनी, गुप्त गोदावरी यहीं चित्रकूट हैं। 17 लाख साल पहले भगवान राम और भरत के अश्रुओं से ये धरती भीगी है। ये पावन धरती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन महोत्सव की शुरुआत के लिए इससे बढ़िया स्थान कोई और नहीं हो सकता। आज मौसम से हमारी कुश्ती हो रही थी, लगा था पहुंच नहीं पाएंगे। लेकिन हमने कहा बहनों का कार्यक्रम है जाना जरूरी है। भगवान ने भी साथ दिया और मैं पहुंचा।



उन्होंने कहा कि हजारों साल से ऋषि मुनियों ने त्याग तपस्या से त्योहारों की श्रृंखला शुरू की। ये त्योहार प्रेम बांटते हैं। हमारे देश को समझने वाले समझते हैं, दूर रहने वालों को जरूर अटपटा लगता है। भाई भले मुंह मोड़ ले लेकिन बहन सारी जिंदगी प्रेम लुटाती है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारी लाड़ली बहना योजना को लेकर लोग कहते थे, तुम्हारी योजना बंद हो जाएगी। लेकिन योजना बंद नहीं होगी। पैसे नहीं सम्बन्ध महत्वपूर्ण हैं। एक करोड़ 39 लाख बहनों में हमारी पार्टी को प्रेम दिया है। आज जो राखी मुझे यहां बहनों ने दिया उससे मुझे ऐसा लगा कि सभी ने राखी बांध दी।



श्री यादव ने कहा- राखी का धागा प्रेम का संबंध जोड़ता है ,आशीर्वाद देता है। सतना में 3 लाख 84 हजार 259 बहने लाड़ली हैं, 627 करोड़ की राशि हम दे चुके हैं। अभी 10 को एक साथ 1500 रुपए सभी के खाते में डालेंगे। यानी 250 रुपए राखी के त्योहार के लिए हैं। जब बहने अपने भाई को राखी बांधेगीं, तो मैं समझूंगा मेरे भी माथे पर तिलक लग गया, आनंद महसूस करेंगे। उज्ज्वला योजना के तहत बहनों के खाते में साढ़े 4 सौ भी डालेंगे।

अफसरों से बोले मंत्री प्रहलाद पटेल-

## क्या मजाक बना रखा है, हम भी केंद्र सरकार में रहकर आए हैं, ज्ञान मत दो..

**इंदौर।** मप्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने गुरुवार को इंदौर में अफसरों पर भड़क गए। क्षेत्रीय कर्मचारी राज्य बीमा की रीजनल बैठक में उन्होंने अफसरों से कहा कि क्या मज़ाक लगा रखा है, हम भी भारत सरकार से आए हुए हैं, हमको ज्ञान मत बताओ। अगली बार ऐसा नहीं होना चाहिए। वे यहीं नहीं रुके। पटेल ने कहा कि ऐसा डराकर चलाओगे क्या, यह सब ठीक नहीं है। बैठक का एक वीडियो सामने आया है जिसमें मंत्री अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।



संसद में जातिगत गणना पर बहस के मुद्दे पर कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने मीडिया से बातचीत भी की। उन्होंने कहा, जो क्षेत्रीय पार्टियां हैं, वे जाति आधारित बातें करके अपने अस्तित्व को बनाए रखती हैं। जातिगत जनगणना की बात भी उन्होंने ही की है। जब संविधान इसकी इजाजत नहीं देता, तो देखने के लिए कुछ और करने के लिए कुछ और है। वे लोग जो जातिगत जनगणना की बात करते हैं और जाति आधारित और परिवार आधारित पार्टी चलाते हैं, ऐसे लोगों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

### एक दिन पहले भी नसीहत दी थी

मंत्री पटेल बुधवार से इंदौर दौरे पर हैं। पटेल ने पंचायत सचिव प्रशिक्षण केन्द्र राऊ में अत्याधुनिक सुविधाएं नहीं होने, प्रशिक्षण कमरों में सीलन और परिसर में अस्वच्छता होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए मौके पर उपस्थित केंद्र की प्रभारी उपायुक्त विकास यशोधरा कनेश को व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द सुधारने के लिए कहा था।

## पेरिस ओलिंपिक में भारत को तीसरा मेडल

### शूटर स्वप्निल कुसाले ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कामयाबी

**पेरिस।** पेरिस ओलिंपिक में भारत ने तीसरा मेडल हासिल किया है। शूटर स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन की मेंस कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्वप्निल कुसाले 2015 में कुवैत में हुई एशियन शूटिंग



चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल प्रोन 3 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। इसके अलावा वे तुगलकाबाद में 59वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गगन नारंग और चेन सिंह जैसे बड़े शूटरों को हराकर जीत हासिल कर चुके हैं।

## आरक्षण में कोटे में कोटा मंजूर

### सुप्रीम कोर्ट ने अपना 19 साल पुराना फैसला पलटा, कहा- राज्य आरक्षण में सब कैटेगरी बना सकते हैं

**नई दिल्ली।** राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी स्ष्ट के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस बारे में बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा है। तब कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह है, इसमें शामिल जातियों के आधार पर और बंटवारा नहीं किया जा सकता।



कोर्ट ने अपने नए फैसले में राज्यों के लिए जरूरी हिदायत भी दी है। कहा है कि राज्य सरकारें मनमर्जी से फैसला नहीं कर सकतीं। इसके लिए दो शर्तें होंगी

## वायनाड लैंडस्लाइड : अबतक 276 मौतें, राहुल-प्रियंका चुरलमला पहुंचे

**वायनाड।** केरल के वायनाड में तेज बारिश के बाद लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 276 हो गई हैं। 130 लोग अस्पताल में हैं, जबकि 240 से ज्यादा लोग आज तीसरे दिन भी लापता हैं। मौसम विभाग ने आज (गुरुवार को) फिर से वायनाड में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने फिर से कुछ जगहों पर लैंडस्लाइड का खतरा जताया है। ड्रोन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, स्नीफर डॉग्स के साथ रेस्क्यू आपरेशन जारी है। भारी बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। पूरी रात काम करने के बावजूद सेना बेली ब्रिज का काम पूरा नहीं कर पाई है।



# साइबर अटैक से 300 से अधिक बैंकों की सेवाएं ठप हुई, यूपीआई-एटीएम सेवाएं प्रभावित

**नई दिल्ली।** भारत में 300 से अधिक छोटे बैंकों और वित्तीय संस्थानों की सेवाएं साइबर अटैक के कारण ठप हो गई हैं। यह अटैक टेक्नोलॉजी सर्विस प्रोवाइडर सी-एज टेक्नोलॉजिस पर हुआ है। इस अटैक की वजह से ग्राहकों को झ्रूसे पैसे निकालने और यूपीआई ट्रांजेक्शन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस साइबर हमले का असर खास उन सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ग्राहकों पर पड़ा है जो एसबीआई और टीसीएस के संयुक्त उद्यम सी-एज टेक्नोलाजी पर निर्भर हैं। हालांकि, अन्य बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं। यह समस्या पिछले दो दिनों से सामने आ रही है। जिसके बाद सी-एज टेक्नोलॉजिस के सिस्टम में हुए इस सिक्योरिटी ब्रिज के कारण बड़ी पेमेंट सिस्टम की सुरक्षा के लिए सी-एज को अस्थायी रूप से डिस्कनेक्ट करना पड़ा।

**युद्धस्तर पर बहाली का काम जारी-** कंपनी को एनसीपीआई द्वारा संचालित खुदरा भुगतान प्रणालियों से अस्थायी रूप से अलग कर दिया गया है। सी-एज टेक्नोलाजी के साथ मिलकर युद्धस्तर पर बहाली का काम किया जा रहा है, और सुरक्षा की समीक्षा भी जारी है। उम्मीद की जा रही है कि अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो यह गुरुवार सुबह या दोपहर तक फिर से चालू हो जाएगा।



भारत में कई बैंकों को तकनीकी सहायता प्रदान करने वाले एक अग्रणी प्रौद्योगिकी सेवा प्रदाता पर रैंसमवेयर द्वारा हमला किया गया है। इसका असर देश के करीब 300 स्थानीय बैंकों पर पड़ा है. इसके चलते कई बैंकों की भुगतान प्रणालियां अस्थायी तौर पर बंद हो गई हैं. सी-एज टेक्नोलॉजीज नामक कंपनी देश के कई छोटे बैंकों को तकनीकी सहायता प्रदान करती है। इस कंपनी पर रैनसमवेयर अटैक किया गया था. हालाँकि, न तो सीडीएस और न ही आरबीआई ने इस बारे में कोई घोषणा की है।

देश में यूपीआई सेवाओं की देखरेख करने वाले नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (हक्क्ष्ट्ठ) ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि रैंसमवेयर हमले की घटना उनके ध्यान में आ गई है। इस संबंध में ट्विटर ने एक ट्वीट किया. हक्क्ष्ट्ठ ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है। सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रौद्योगिकी सेवाएं प्रदान करने वाली सी-एज टेक्नोलॉजीज पर रैंसमवेयर हमले के कारण कुछ भुगतान प्रणालियां प्रभावित हुई हैं।

इसके हिस्से के रूप में, अन्य भुगतान प्रणालियों पर किसी भी प्रभाव से बचने के लिए सी-एज टेक्नोलॉजीज को अस्थायी रूप से खुदरा भुगतान प्रणाली से अलग कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि सीईडी सेवाएं प्रदान करने वाले सभी बैंक इस अलगाव के दौरान सेवाओं का लाभ नहीं उठा पाएंगे। उन्होंने कहा, वर्तमान में, बहाली का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और आवश्यक सुरक्षा समीक्षा की जा रही है। यह स्पष्ट किया गया है कि जिन बैंकों में भुगतान रुका हुआ है, उन्हें जल्द से जल्द चालू किया जाएगा।



भोपाल में आज फिर बारिश का दौर जारी है...।






# रोटरी क्लब ईस्ट की स्वर्ण जयंती पर12 विद्यालयों की खेलकूद स्पर्धा आयोजित

**भोपाल।** रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल और एजुकेशन एज द्वारा स्वर्ण जयंती पर प्रथम खेलकूद स्पर्धा टी टी नगर स्टेडियम में 1 अगस्त से 3 अगस्त आयोजित की जा रही है जिसने भोपाल के 12 प्रतिष्ठित स्कूल भाग ले रहे है स्पर्धा का उद्धघाटन रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज झा ने की खिलाडियों के मार्च पास्ट पश्चात किया। स्वर्ण जयंती स्पोट्स कॉर्डिनेटर अल्पना मिश्र ने बताया की यह स्पोर्ट्स इवेंट्स प्रतिवर्ष होगा। इसमें इस वर्ष माउंट फोर्ट, कार्मेल कॉन्वेंट, बाल भारती स्कूल, एम एस बी एजुकेशन, संस्कार वैली रेडरोज, हेमा ,जी वी एन, आइवी ग्लोबल , आइकॉनिक स्कूल,ए वं भवन भारती के एक हजार से अधिक छात्र छात्राएं भाग ले रहे हैं ।

# सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया से नई दिल्ली में की भेंट

## लोकतंत्र सेनानी पं. उद्धवदास मेहता के नाम डाक टिकट जारी करने का किया आग्रह

**भोपाल।** लोकसभा सांसद आलोक शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की। सांसद आलोक शर्मा ने पत्र सौंपकर ज्योतिरादित्य सिंधिया से भोपाल की आजादी में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान लोकतंत्र सेनानी पं. उद्धवदास मेहता जी के कार्यों को चिरस्थाई बनाने के लिए उनके नाम से डाक टिकट जारी करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि पं. उद्धवदास मेहता का संघर्ष भोपाल की आजादी के साथ-साथ राष्ट्र संस्कृति, सनातन परंपरा और मानवता की सेवा करते हुए बीता। 1947 में जब देश अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हो चुका था। तब भोपाल आजाद नहीं हुआ था। भोपाल का नवाब भोपाल का विलय पाकिस्तान में करना चाहते थे। ऐसे में भाई उद्धवदास मेहता के साथ कुछ अन्य लोगों ने भोपाल की आजादी की लड़ाई लड़ी। तब जाकर भारत की आजादी के दो वर्ष बाद 1 जून 1949 को भोपाल आजाद हो सका। महान स्वतंत्रता सेनानियों को उनका सम्मान मिलना ही चाहिए। इसके लिए भोपाल सांसद श्री आलोक शर्मा ने आगे बढ़कर प्रयास किए हैं, सही मायनों में स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों के प्रति सच्ची यह सच्ची श्रद्धा है।



# वन कर्मचारियों पर सात माह में 20 प्राणघातक हमले, सुरक्षा की मांग

**भोपाल।** प्रदेश में वन माफिया द्वारा वन कर्मचारियों पर प्राणघातक हमले बढ़ते जा रहे हैं। पिछले सात महीनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 20 प्राणघातक हमले हो चुके हैं। राज्य वन कर्मचारी संघ ने इस बढ़ती हिंसा के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने वन कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के अनुसार, मुरैना, सतना, सागर, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, सिवनी, गुना, विदिशा, भिंड, बैतूल, बालाघाट, नरसिंहपुर, बुरहानपुर, खंडवा, होशंगाबाद, रायसेन, छिंदवाड़ा और सीहोर जैसे जिलों में वन, रेत और खनन माफिया सक्रिय हैं। इन माफियाओं द्वारा वन कर्मचारियों पर किए गए हमलों में पुलिस प्रशासन का संरक्षण भी शामिल है। मुरैना की घटना इसका स्पष्ट उदाहरण है, जहां वन कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया और मजेस्ट्रीयल जांच के बावजूद न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी। वहीं, माफियाओं के खिलाफ एफआईआर होने के बावजूद उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। राज्य वन कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मुरैना पुलिस की कार्यवाही की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और वन कर्मचारियों पर दर्ज किए गए हत्या के आरोप को वापस लिया जाए। साथ ही, वन कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति बनाई जाए। अशोक पांडे, हरि सिंह गुर्जर, प्रेमलाल त्रिपाठी, नरेंद्र प्यासी, राजू उपाध्याय और लव प्रकाश पाराशर जैसे सदस्य इस मांग में शामिल हैं।

# बार-बार गुल हो रही बिजली एवं लंबे बिल को लेकर कांग्रेस ने एई को सौंपा ज्ञापन

**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली बार-बार गुल होने से रहवासी परेशान हो रहे हैं। इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने अशोक मारण के नेतृत्व में बिजली विभाग के एई को ज्ञापन सौंपा। अशोक मारण ने कहा कि संत हिरदाराम नगर एवं आसपास क्षेत्रों में विगत कुछ माह से 6-6 घंटे से ज्यादा लाइट बंद हो रही है रात एवं दिन में कभी भी विधुत सप्लाई बंद हो जाती है। विधुत मण्डल ने कुछ माह पूर्व रखरखाव के लिए कार्य भी किया लेकिन इसके बाद भी बार-बार लाइट जाने से आम जनता एवं व्यापारीगण परेशान हो रहे है। बार-बार विधुत सप्लाई बंद होने के बाद भी संत नगर एवं व्यापारियों के बिल ज्यादा आ रहे है। उन्होंने कहा कि संत नगर के आदर्श मार्ग एवं मेन रोड की केबल भी बदली जाए एवं जो सर्विस डीपी रखी गई है उनके भी ढक्कन लगाए जाए। जब से भाजपा की सरकार आई है तब से लेकर बिजली के बिल बढ चढकर आ रहे है एवं बार-बार लाइट जाना आम बात हो गई है। इससे संत नगर में फलता फूलता कारोबार भी ठप होते दिख रहा है। अगर जल्द ही इस ओर ध्यान नहीं दिया तो ब्लाक कांर्ग्रस कमेटी विधुत मंत्री एवं विधुत मण्डल का पुतला दहन करेगी एवं धरना प्रदर्शन करेगी। ज्ञापन देने वालो में ब्लाक घनश्याम लालवानी, जगदीश सावले, माधू चांदवानी, सोनू तोमर, लक्ष्मण राजपूत, विष्णु मारण, भरत आसवानी, कमलेश देवानी, नरेन्द्र केवलानी, सुरेश सिगरोली, भगत भागर्व, ओमप्रकाश नामदेव, लक्ष्मण वासवानी, प्रकाश वीधानी, महेश गुरबानी, दीपक, जीतेश खानचंदानी, इन्द्र भोजवानी, कन्हैया नागदेव, जेकी दामानी, शमी मंगतानी, राजकुमार धानुक, राजेश चन्डाले, महेन्द्र मालवीय, राजेश रघुवंशी, प्रकाश वीधानी, अजीत फुलवानी, दिनेश विश्वकर्मा, सुरेन्द्र केथवास, आत्माराम सूर्यवंशी, बद्री सिंगरोली, मोनू यादव, धनसिंह माली, ललित नेभनानी, संतोष पंडित, संतोष मालवीया, मोरसिंह प्रजापति, अमित, बालमुकुन्द्र, चंद्रकुमार सिंगरोली, चंचल, योगेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।



# पंच दिवसीय 11 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य महा रूद्राभिषेक



**संत हिरदाराम नगर।** सावन मास के अवसर पर संत हिरदाराम नगर के ओल्ड डेरी फार्म स्थित शिव दुर्गा मंदिर पर पंच दिवसीय 11 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का भव्य महा रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। 28 जुलाई से 1 अगस्त तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचकर मिट्टी के पार्थिव शिवलिंग बना रहे है और दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक पूजा अर्चना और अभिषेक कर रहे हैं। इस आयोजन में 12 ज्योतिर्लिंग की दर्शन झांकी भी लगाई गई है। जहां श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन भी कर रहे हैं। पंडित प्रमोद चैबे, मुख्य यजमान पं विवेक शर्मा, यजमान पं संत शर्मा, यजमान पं शिव मिश्रा और कार्यक्रम आचार्य कपिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। 1 अगस्त को कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# सेक्ट कॉलेज के बीएड छात्रों का विदाई समारोह आयोजित




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सेक्ट कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन बीएड महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या ने मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों की गुजारिश पर सीनियर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। किसी ने गीत गाया, तो किसी ने डांस किया और जमकर मस्ती की। छात्र-छात्राओं ने अपनी पुरानी यादें ताजा करते हुए कॉलेज तथा शिक्षकों की जमकर तारीफ की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने दो वर्षो के अनुभव साझा करते हुए बताया कि बीएड महाविद्यालय की प्राचार्या एवं शिक्षको ने पढ़ाई के साथ-साथ हमें भविष्य का मार्गदर्शन भी प्रदान किया और विद्यार्थियों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आगे भविष्य में भी हमें उनका सानिध्य मिलता रहेगा। प्राचार्या डॉ. नीलम सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को ईमानदारी और सच्चाई के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल शिवानी कौशिक , मिस्टर फेयरवेल सागर कुमार भूमरकर एवं मिस कॉस्टयूम के लिए पूजा अहिरवार को चुना गया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकगण एवं स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित थे। सभी ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें बधाई दी।

# संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में नवागत प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए हुआ इन्डक्शन कार्यक्रम

**संत हिरदाराम नगर।** 15 जुलाई से 31 जुलाई तक संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय ने प्रथम वर्ष के बीबीए और बीसीए छात्राओं के लिए एक व्यापक इन्?डक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया, जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निर्देशों के अंतर्गत था। इन्डक्शन कार्यक्रम का आरंभ मनीष केन के प्रेरणादायक उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। विगत पंद्रह दिनों में छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित समृद्ध सत्रों में भाग लिया।

इनमें व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व गुण पर फातिमा खान, ट्रेनर, जीटीटी फाउंडेशन, फिनटेक पर सीए निखिल नेनवानी, पावर ड्रेसिंग पर मायरा केसवानी, फैशन विशेषज्ञ, उद्यमी कैसे बने पर अक्षी सिंह, निदेशक, डिजाइन सेंस, अंग्रेजी संचार पर पूर्वा बत्रा, यूनिवर्सिटी ऑफ डरहम, स्वास्थ्य और कल्याण पर प्रोफेसर विभा खरे, खाद्य एवं पोषण विभाग, एसएचजीसी, क्लासरूम से क्यूबिकल तक, अंतरव्यक्तिगत एवं व्यावसायिक सफलता, समेकित व्यक्तित्व विकास और लक्ष्य निर्धारण पर डॉ. नरेश शर्मा, संकाय सदस्य, आईबीएस अहमदाबाद, वित्तीय साक्षरता पर डॉ. अनादी मिश्रा, रीडर, प्रशासन अकादमी, भोपाल, डिजिटल मार्केटिंग पर राम नाथ नरेटे, एमडी, ऑनप्राइसटेक इंफोटेक लिमिटेड, इंटरनेट बेसिक्स और साइबर सुरक्षा पर प्रोफेसर कंचन चतुर्वेदी, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, एसएचजीसी, सफलता का मंत्र पर रवि वर्मा, एमिटी संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय, भोपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर, प्रौद्योगिकी में रुझान और नवाचार पर श्री गौरव नेमा, संस्थापक और सीओओ, इनोबिम इंफोटेक प्रा. लि., नया अपराध कानून पर सुचित्रा वर्मा, एडीपीओ, एम.पी. पुलिस, भोपाल विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित थे। इन सत्रों के साथ कार्यक्रम में वरिष्ठ और पूर्व छात्राओं के साथ मूल्यवान बातचीत भी शामिल थी, जिससे छात्राओं को अपने पूर्ववर्तियों से अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सत्र में क्षेत्रीय यात्राओं के अनुभव को और समृद्ध करते हुए, बीसीए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने क्रिस्प, भोपाल और बीबीए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने वर्धमान टेक्सटाइल भोपाल उद्योग स्थलों का दौरा किया।



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चला डंडा उद्योगों को हुआ जमीन आवंटन निरस्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मप्र सरकार के सूक्ष्म व मध्यम उद्योग विभाग (एमएसएमई) में जमीन आवंटन के नाम पर अधिकारियों द्वारा किए गए 90 करोड़ के खेल का द सूत्र द्वारा खुलासा होने के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव का सख्त एक्शन सामने आया। सीएम ने द सूत्र के खुलासे को गंभीरता से लेते हुए विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए जांच करने के आदेश दे दिए। साथ ही तत्काल प्रभाव से जमीन आवंटन की प्रक्रिया निरस्त करने के लिए कहा। इस के बाद विभाग ने आदेश जारी करते हुए जुलाई माह में हुए मध्यम उद्योगों को हुए अविकसित जमीन आवंटन को निरस्त कर दिया है।

यह आदेश हुआ जारी

आयुक्त एमएसएमई नवनीत कोठारी की ओर से संयुक्त संचालक ने यह आदेश सभी जिलों के महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि विभागीय पोर्टल के माध्यम से अविकसित भूमि आवंटन हेतु प्राप्त आवेदनों को निरस्त करने के लिए।

पत्र में है कि-जिला व्यापार व उद्योग केंद्रों द्वारा जुलाई 2024 में विभागीय अविकसित भूमि आवंटन करने के लिए आवेदन प्राप्त किए गए है। विभागीय पोर्टल में तकनीकी समस्या होने के कारण आवेदन प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न नहीं हुई है। इसलिए सभी प्राप्त आवेदनों को तत्काल निरस्त किया जाए तथा आवेदकों द्वारा प्राप्त जमा राशि तत्काल वापस की जाए।

**सबसे बड़ा खेल इंदौर में तीन जमीन आवंटन में हुआ:** सबसे बड़ा खेल इंदौर में जमीन आवंटन में हुआ। तीन जमीन जिसकी बाजार कीमत 90 करोड़ रुपए से ज्यादा थी, इसे अपने वालों को कौडियों के भाव में आवंटन तय हो गया था। उनकी बोली को मान्य कर सर्वर में खेल कर दिया गया और दूसरी बोली लग ही नहीं पाई।

1. 40 करोड़ की जमीन का खेल - एमएसएमई विभाग ने 16 जुलाई को सांवेर तहसील की राजौदा गांव की 9.46 एकड़ अविकसित जमीन के आवंटन की बुकिंग शुरू। सुबह 10 बजे बुकिंग शुरू हुई, तीन लोगों ने इसमें भागीदारी तीन मिनट के भीतर कर दी। इसमें एक इसी विभाग का लाइजनर सीए का रिश्तेदार है, जो पहला भागीदार था, इसके बाद दो अन्य ने इसमें बुकिंग डाली। इसके बाद एक व्यक्ति ने जब 10 बजकर 6 मिनट पर बोली डाली तो वह सर्वर ने ली ही नहीं, यानी सर्वर अपने वालों की बोल लेकर बंद हो चुका था। इस जमीन की औपचारिक कीमत केवल 88 लाख रुपए है लेकिन बाजार में यह कीमत 40 करोड़ रुपए की है।



2. 20 करोड़ की जमीन का खेल- विभाग ने 16 जुलाई को ही राउ रंगवासा की 2.37 एकड़ जमीन के आवंटन की बुकिंग शुरू की लेकिन इसमें भी एक बोली लगी और इसके बाद सर्वर बंद हो गया। यह जमीन की कीमत 1.81 करोड़ रुपए बताई गई है लेकिन बाजार कीमत 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की है।

3. 30 करोड की जमीन का खेल- इसी तरह इसी दिन 16 जुलाई को ही सांवेर की ही एक जमीन जो करीब सात एकड़ की है इसकी बुकिंग शुरू की गई, इसमें भी एक ही बुकिंग हुई और फिर सर्वर बंद हो गया। इस जमीन की औपचारिक कीमत 75 लाख रुपए है लेकिन वास्तविक बाजार कीमत 30 करोड़ के करीब होती है। यह दोनों ही बुकिंग में भी 16 जुलाई की सुबह 10 बजे से 23 जुलाई की शाम 6 बजे तक बुकिंग की समयसीमा दी गई थी। लेकिन दोनों में ही केवल एक-एक बोली आई और खेल करते हुए बुकिंग को बंद कर दिया गया।

**विभाग सबसे अमीर मंत्री चैतन्य कश्यप का:** विभाग में अभी विकसित जमीन का आवंटन बंद है, पोर्टल पर इसकी सूचना है। लेकिन अविकसित जमीन जो बहुत ही कम दरों में मिलती है, उसका आवंटन अभी जारी है। यह केवल मध्यम श्रेणी के उद्योगों को ही आवंटित हो सकती है। लेकिन विभाग में बैठे जिम्मेदार आईएएस अधिकारियों ने इसमें आंखे मूंद कर आंवटन शुरू कर दिया। एमएसएमई विभाग में डायेरक्टर व सचिव अभी आईएएस नवनीत कोठारी है। वहीं एमपीएसईडीसी जो विभाग के ई बोली पोर्टल को देखता है, इसके एमडी आईएएस अंशुल गुप्ता है। विभाग के मंत्री चैतन्य कश्यप है, सबसे अमीर मंत्रियों में से एक है और जो शासन से वेतन और भत्ते नहीं लेने की घोषणा के लिए जाने जाते हैं।

## जमीन आवंटन के नियम क्या है पहले यह देखते हैं

1. मप्र भूमि आवंटन नियम 2021 के तहत हर तीन माह में रिक्त भूमि की जानकारी जिलों से विभाग संचालनालय जाएगी और फिर वह इसकी सूची जारी करेंगे।

2. हर माह की 7 तारीख पर पोर्टल पर इसकी सूचना दी जाएगी और दो समाचार पत्रों में भी जानकारी दी जाएगी।

3. इन विज्ञापन के प्रकाशन के 10 दिन बाद माह की 21 तारीख को ई नीलामी शुरू होगी।

4. यह नीलामी कम से कम 24 घंटे चलेगी, सिंगल बोली आई तो भी मान्य होगी, बोली के समय 25 फीसदी राशि व अन्य शुल्क देय होगा।

5. आवंटन होने के बाद 45 दिन में पूरी राशि देना होगी और डीआईसी लीज करार करेगा।

## नियम 21 तारीख का तो बोली 16 जुलाई को कैसे हुई?

नियम के तहत समाचार पत्र प्रकाशन के दस दिन बाद और माह की 21 तारीख से ई बोली होना चाहिए, फिर रंगवासा, राजौदा और सांवेर (इंदौर) की जमीन की ई बोली 16 जुलाई से कैसे शुरू की गई? समाचार पत्र प्रकाशन को दस दिन हुए बिना ई बोली शुर हुई। सर्वर कम से कम 24 घंटे तो चलना ही था लेकिन बोली आने के पांच मिनट बाद कैसे बंद हुआ?

**रंगवासा की जमीन का विज्ञापन 15 जुलाई को छपा:** रंगवासा की जमीन 2.37 एकड़ जिसकी बाजार कीमत 20 करोड़ से ज्यादा है, इसकी ई नीलामी का विज्ञापन इंदौर के समचार पत्र में 15 जुलाई को प्रकाशति हुआ और बोली 16 जुलाई की सुबह 6 बजे शुरू कर दी गई। ताकि कोई भी आवेदक इसके लिए लगने वाले दस्तावेज, चेक आदि राशि की तैयारी ही नहीं कर सके। इसके बाद 16 जुलाई की सुबह 10 बजे बोली शुरू होती है और इसे इसके बाद तत्काल बंद कर दिया जाता है। जबकि नियम साफ है कि विज्ञापन प्रकाशन के दस दिन बाद बोली शुरू होगी और महीने की 21 तारीख से होगी और कम से कम 24 घंटे चालू रहेगी।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को ज्ञापन सौंपा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शासकीय/अर्द्धशासकीय वाहन चालक यांत्रिक कर्मचारी कल्याण संघ म.प्र के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद जफर भाई के नेतृत्व में प्रदेश के कार्यभारित कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान एवं कर्मचारियों का लंबित चार प्रतिशत महंगाई भत्ते की मांग को लेकर आज संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग माननीय श्री जगदीश देवड़ा जी से मुलाकात कर उनके समक्ष म.प्र स्टेट गैरेज सहित प्रदेश के कर्मचारियों को 4त्न महंगाई भत्ता एवं कार्यभारित कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान के संशोधित आदेश करने का ज्ञापन उन्हें सौपा गया माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय द्वारा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सम्माननीय मोहम्मद जफर भाई को आस्वस्त किया गया कि संघ की मांगों के ऊपर गंभीरता पूर्वक विचार कर सरकार द्वारा शीघ्र ही कर्मचारी हित में निर्णय लिए जाएंगे उन्होंने इशारा किया कि माननीय मुख्यमंत्री जी की मनसा अनुसार रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व कर्मचारी हित में निर्णय लिए जाएंगे।

संघ के प्रतिनिधि मंडल में शामिल संघ के सभी सम्माननीय पदाधिकारी मित्रों का ड्यूटी के समय अपने साथियों के लिए अपना अमूल्य समय निकालकर उपस्थित होने के लिए आप सभी साथियों को कोटि-कोटि धन्यवाद मुझे गर्व है कि मुझे ऐसे साथियों का सहयोग मिला है जो अपने साथियों के हित में और संगठन के हित में चिंता करते हैं और अपना कीमती वक्त संगठन को देते हैं।




भोपाल। माह के पहले दिन मंत्रालय के समक्ष पार्क में वंदे मातरम का गायन हुआ। यहां उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं मंत्रालय के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# सघन स्क्रीनिंग कर रोगों का प्रारंभिक अवस्था में ही उपचार सुनिश्चित करें: उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## उप-मुख्यमंत्री ने एनएचएम द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भवन भोपाल के सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यों की वृहद् समीक्षा की। उन्होंने एनएचएम द्वारा संचालित कार्यक्रमों और मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न मानकों की वर्तमान स्थिति एवं कार्ययोजना की जानकारी प्राप्त की। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि विभिन्न संचारी और असंचारी रोगों की रोकथाम और बेहतर प्रबंधन के लिए सघन स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जाये। ताकि प्रारंभिक स्तर में ही रोगों का चिन्हांकन कर उनका निदान सुनिश्चित किया जा सके। हाई रिस्क प्रेगनेंसी प्रकरणों को चिह्नांकित कर नियमित करें मॉनिटरिंग: उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महिला एवं शिशु स्वास्थ्य के विभिन्न संकेतक आईएमआर, एमएमआर आदि की क्षेत्रवार समीक्षा की और निर्देश दिये कि क्षेत्र में प्राप्त हो रहे प्रकरणों के आधार पर रणनीति तैयार की जाये। जिससे वास्तविक समस्याओं का उचित निदान किया जा सके। उन्होंने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के चिन्हांकन हेतु सघन सर्वे और चिह्नांकित प्रकरणों की सतत मॉनिटरिंग और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उप-मुख्यमंत्री ने हाई रिस्क प्रेगनेंसी के संभावित कारणों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अनीमिया की स्थिति कई बार हाई रिस्क प्रेगनेंसी का कारण बनती है। इसके लिए विद्यालयों और कॉलेजों में बालिकाओं-किशोरियों को आयरन फ़ॉलिक एसिड दवा का वितरण किया जाये और उनके प्रयोग के लिए जागरूक किया जाये, ताकि भविष्य में अनीमिया की स्थिति से उन्हें संरक्षित किया जा सके। उप-मुख्यमंत्री ने एनएचएम द्वारा संचालित विभिन्न डैशबोर्ड टेलीमीडिसिन, सीटी स्कैन, सीएलएमसी, कैंसर, आईडीएसपी आदि की रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश को शीर्ष पर ले जाने के मिशन मोड पर कार्य करना होगा। उन्होंने प्रदेश में डायरिया के प्रकरणों और निदान हेतु की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त की और सजग रहकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने डायरिया से बचाव के लिए सावधानियों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए कहा। उन्होंने प्रदेश में चांदीपुरा वायरस की स्थिति की जानकारी ली और तैयारियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में अब तक चांदीपुरा वायरस का कोई भी प्रकरण नहीं है।

## मां का दूध शिशुओं के लिए अमृतः उप-मुख्यमंत्री शुक्ल

उप-मुख्यमंत्री शुक्ल ने विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर कहा है कि स्तनपान शिशु के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। माँ का दूध शिशुओं के लिए अमृत के समान है। यह न केवल शिशु को सभी आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, बल्कि उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। उप-मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सभी माताओं से अपील की है कि वे अपने नवजात शिशुओं को अवश्य स्तनपान करायें ताकि शिशु स्वस्थ और मजबूत बन सकें। उन्होंने कहा कि शुरुआती 6 महीने तक केवल स्तनपान ही शिशु के लिए सबसे अच्छा आहार है। उप-मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए व्यापक अभियान चलाएं।

# बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित की पुष्पांजलि



**भोपाल।** देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि के अवसर पर 1100 क्वार्टर चौराहे स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस जनों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पार्षद गुड्डू चौहान,युवा कॉंग्रेस कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# बारी समाज 13 को मनाएगा बारी शहीद दिवस

**भोपाल।** राष्ट्रीय क्षत्रिय बारी समाज मंच के राष्ट्रीय संरक्षक अरुण वर्मा और अनिल सिंह बारी ने बताया कि बारी समाज के महान क्रांतिकारी अमर शहीद भगवती प्रसाद बारी को 13 अगस्त 1942 को प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों की गोली लगने से अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इस उपलक्ष्य में, हर वर्ष 13 अगस्त को बारी समाज के लोग बारी शहीद दिवस मनाते हैं।

इस वर्ष, 13 अगस्त को भगवती प्रसाद बारी की कर्मस्थली प्रयागराज में शहीद दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दीपक जलाए जाएंगे और पुष्पांजलि दी जाएगी। इस समारोह में अन्य राज्यों के लोग भी उपस्थित रहेंगे। इस दिन का आयोजन राष्ट्रीय क्षत्रिय बारी समाज मंच के तत्वावधान में किया जाएगा, जिसमें अरुण वर्मा, अनिल सिंह बारी, अवधेश बारी और शम्भू नाथ रावत मुख्य अतिथि होंगे।

## 14 तंग बस्तियों में आयोजित साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविरों में ढाई हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित

**भोपाल।** 31 जुलाई को शहरी तंग बस्ती क्षेत्रों में आयोजित सामुदायिक स्वास्थ्य शिविरों में भोपाल की 14 बस्तियों के 2503 हितग्राही विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हुए। इन शिविरों में बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे गैस्ट्रोएंटराइटिस, कॉलरा, डायरिया, पेचिश, टाइफाइड, एमेबियासिस, हेपेटाइटिस, जियार्डियासिस, स्केबीज, कृमि संक्रमण से बचाव और लक्षणों की जानकारी भी दी गई। स्वास्थ्य शिविर वाजपेयी नगर, धोबीघाट, शिवनगर, आरिफ नगर, उड़िया बस्ती, बागमुगलिया, अशोका गार्डन, इतवारा, रूप नगर, कांकड़ा क्रेशर बस्ती, सतनामी नगर, ओल्ड शबरी मल्टी, सनखेड़ी, और ढोली खदान में आयोजित किए गए। शिविरों में 103 महिलाओं की एएनसी जांच में 36 महिलाओं में मॉडरेट एनीमिया के लक्षण पाए गए। 863 लोगों की हाइपरटेंशन जांच में 64 लोगों का रक्तचाप बढ़ा पाया गया। 732 लोगों की डायबिटीज जांच में 38 लोगों का शुगर लेवल बढ़ा हुआ मिला। 47 आयुष्मान कार्ड और 253 आभा आईडी बनाए गए। 47 लोगों को वयस्क बीसीजी टीका लगाया गया। पांच साल तक की उम्र के 177 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण और 90 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

# दिग्विजय सिंह की चुनाव याचिका पर सांसद नागर और निर्दलीय की याचिका पर इंदौर सांसद लालवानी को नोटिस


सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह की याचिका पर इलेक्शन कमीशन इंडिया और राजगढ़ सांसद रोडमाल नागर को हाईकोर्ट से नोटिस जारी हो गए हैं। नोटिस का जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है और सितंबर में फिर सुनवाई होगी। इस तरह निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर फार्म भरने वाले धर्मेंद्र सिंह झाला की याचिका पर इंदौर सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य को नोटिस जारी हुए हैं।

**दिग्विजय सिंह ने यह लगाई आपत्ति:** सिंह ने अपनी याचिका में आपत्ति ली है कि ईवीएम रखने के लिए जारी मानकों का पालन चुनाव अधिकारियों ने नहीं किया है। साथ ही ईवीएम में डले वोटों का पर्चियों से मिलान सही तरीके से नहीं हुआ है। इसके चलते यह चुनाव रद्द किया जाए। सुनवाई के दौरान दिग्विजय सिंह की इलेक्शन पिटीशन में उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी किए। सिंह की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और राज्य सभा सदस्य विवेक तन्खा ने पक्ष रखा, साथ में सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता वरुण चोपड़ा, पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता रवींद्र छाबरा, पूर्व उप महाधिवक्ता अंशुमान श्रीवास्तव और जेरी लोपेज उपस्थित हुए।

## निर्दलीय झाला की याचिका पर भी नोटिस

वहीं इंदौर में निर्दलीय प्रत्याशी तौर पर फार्म भरने वाले धर्मेंद्र झाला ने उनके नाम वापसी गलत तरीख से होने को लेकर इलेक्शन पिटीशन दायर की हुई है। इस पर सुनवाई के बाद चुनाव आयोग, रिटर्निंग अधिकारी इंदौर, सांसद शंकर लालवानी सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। झाला का आरोप है कि 29 अप्रैल को नाम वापसी के फार्म पर उनके हस्ताक्षर नहीं थे और किसी फर्जी व्यक्ति ने गलत तरीके से नाम वापसी फार्म दे दिया। गलत तरीके से नाम वापस हुआ है और इस कारण से यह चुनाव प्रक्रिया पूरी गलत तरीके से हुई है। इसे रद्द किया जाए। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में सरकार ने सरकार ने शासकीय सेवकों और पेंशनरों को सातवें वेतनमान में देय मंहगाई भत्ता दर में एक जुलाई 2024 से चार प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। इससे महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत हो जाएगा।



**कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी :** सरकार ने शासकीय सेवकों और पेंशनरों को सातवें वेतनमान में देय मंहगाई भत्ता दर में एक जुलाई 2024 से चार प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया है। इससे महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत हो जाएगा। राज्य शासन के छठवें वेतनमान में कार्यरत शासकीय सेवकों, शासन के उपक्रमों, निगमों, मंडलों और अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत चौथे व पांचवें वेतनमान में अनुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ते में इजाफा करने को स्वीकति दी है।

**किसानों को मिलेगा ये फायदा:** राज्य सहकारी साख संस्थाओं से किसानों को एक साल के लिए जीरो प्रतिशत पर लोन दिया जाता है। इसके ओवर ड्यू होने पर किसानों के लोन लेने की दक्षता समाप्त हो जाती थी। इसलिए सरकार ने लोन की राशि भरने में एक महीने का इजाफा किया है। इससे सरकार पर 10 करोड़ का अतिरिक्त भार आएगा।

**आईटी कंपनियों होगी अधिकृत:** सरकार के अलग-अलग विभागों की विभिन्न योजनाओं के डाटा को सुरक्षित और एक जगह रखने के लिए निजी कंपनियों का सहयोग रहेगा। इसके लिए सरकार क्लाउड बनाने के लिए आईटी कंपनियों से अनुबंध करेगी। इसमें संवेदनशील डाटा संरक्षित और सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए सरकार उच्च स्तर के अधिकारियों की एक टीम बनाएगी।

**निजी सुरक्षा अभिकरण नियम अधिसूचित:** बैंकों के क्योस्क में पैसों का परिवहन करने वाले वाहनों की सुरक्षा के नियमों की अधिसूचना जारी करने के प्रस्ताव को कैबिनेट ने स्वीकति दी है। बैंकों की गाड़ियों में नगद पैसों का बहुत ट्रांजेक्शन होता है। इनकी सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार ने एक्ट बनाया है, जिसके नियम राज्यों को बनाने थे। यह सब प्रयास लूटपाट की घटनाओं को रोकने के लिए हैं। इसके लिए मध्य प्रदेश निजी सुरक्षा अभिकरण नियम 2024 को अधिसूचित करने का निर्णय लिया गया है।

स म्पा द की य

# संसद में बहस का रुख



संसद में एक तरफ इस बात को लेकर संतोष व्यक्त किया जा सकता है कि हंगामे के साथ बहिर्गमन या कार्यवाही स्थगित किए जाने के मामले कम हो रहे हैं। इसके बजाय मुख्य स्वर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कम से कम बहस तो हो रही है। लेकिन कहीं न कहीं यह बात भी खल रही है कि जितनी स्वस्थ और सकारात्मक बहस होना चाहिए, वह तो नहीं हो पा रही। बहस के दौरान भी वे पहलू मुद्दा बन रहे हैं, जो अपेक्षाकृत कम गंभीर हैं और निजी भी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में जो लंबा भाषण दिया उसकी काफी चर्चा रही। उनसे यह अपेक्षा तो किसी ने नहीं की होगी कि वह बजट में प्रस्तावित प्रावधानों की तारीफ करेंगे, लेकिन सत्ता पक्ष और उसे चाहने वालों की उम्मीदों से इतर उन्होंने कुछ ज्यादा सख्त आलोचना की और कर रहे हैं। विरोधी मान रहे हैं कि जिस तरह से राजनीतिक और गैरराजनीतिक व्यक्तित्वों को आलोचना के दायरे में ले आए, वह जरूरी नहीं था, जबकि विपक्षी नेता इससे सहमत नहीं हैं।

बजट के दौरान राहुल गांधी ने जाति जनगणना एक बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है, लेकिन बजट पर भाषण में उन्होंने इसे आक्रामक अंदाज में उठाया और हलवा सेरिमनी के जरिए बजट बनाने वाले अधिकारियों की जाति को लेकर सवाल खड़ा किया, वो सत्तापक्ष को चुभ गया है। लेकिन तमाम विश्लेषक भी इसे चुनावी नजरिए का मुद्दा बता रहे हैं और बजट पर बहस की गुणवत्ता कम करने वाला कह रहे हैं।

अफसोस की बात यह रही कि सत्ता पक्ष भी दखल देकर बहस को कोई स्वस्थ दिशा नहीं दे सका। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने अपने भाषण में कुछ अच्छी बातें कहीं होंगी, लेकिन राहुल गांधी के उठाए जाति जनगणना के मुद्दे पर यह कहना कि जिस नेता की अपनी जाति का पता नहीं वह जाति जनगणना कराने की बात कर रहा है, बहस के स्तर को ऊपर उठाने के बजाय उसे और नीचे की ओर ले जाने वाला साबित हुआ है। भले ही अनुराग के भाषण की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा ने जमकर तारीफ की हो, लेकिन आम लोगों में इसे उचित नहीं माना जा रहा है। एक जातिगत मामले में राहुल गांधी को सजा सुना दी गई थी, जबकि उन्होंने किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं कहा था। और न ही किसी जाति के लिए अनुचित शब्द का प्रयोग किया। लेकिन अब अनुराग ठाकुर उसी तरह का बयान दे रहे हैं, तो इसकी सत्तापक्ष तारीफ कर रहा है।

इस बीच विपक्ष की ओर से बजट में राज्यों के साथ कथित तौर पर पक्षपात करने का मसला उठाया गया, जिसका वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूरी गंभीरता से जवाब भी दिया। यह निश्चित रूप से बजट पर संसद में हुई चर्चा के स्वस्थ पहलुओं में शामिल किया जा सकता है। यह बात तो सही है कि संसदीय लोकतंत्र में संसद में हो रही किसी भी चर्चा को न तो राजनीति से परे माना जा सकता है और न ही यह अपेक्षा की जा सकती है कि उसका कोई चुनावी पहलू नहीं होगा। फिर भी, यह एक तथ्य है कि अभी-अभी देश में आम चुनाव संपन्न हुए हैं और उससे निकले जनादेश को न केवल सत्तारूढ़ पक्ष बल्कि विपक्ष भी सम्मानपूर्वक स्वीकार कर चुका है। ऐसे में उनसे यह उम्मीद तो की ही जा सकती है कि कम से कम अभी कुछ दिन चुनावी मजबूरियों से ऊपर उठकर विकास और जनकल्याण के एजेंडे को सबसे ऊपर रखते हुए चलें।

वैसे विपक्ष के सधे हुए और आक्रामक हमलों की धार बढ़ती जा रही है। इससे सत्तापक्ष में अंदर ही अंदर बौखलाहट जैसी महसूस की जा रही है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के सदन में न आने का मुद्दा तक उठा दिया, जो कि मौजूं कहा जा सकता है। जब बजट पर बहस हो तो सदन के नेता की मौजूदगी सामान्य तौर पर जरूरी ही होती है। और वह तब, जब वह राजधानी में ही हों। इसलिए यह मुद्दा भी विपक्ष के पक्ष में जाता दिख रहा है।

आम बजट 2024 पर दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में फिर से चर्चा होनी है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि पक्ष और विपक्ष के बीच सार्थक बहस होगी। जनहित के मुद्दों पर चर्चा हो, यह आवश्यक है। चुनावी दौर तो गुजर चुका है, कुछ राज्यों में चुनाव होने हैं। लेकिन उनकी संख्या कम है। ऐसे में ठेठ राजनीतिक मुद्दों के बजाय लोकहित के मुद्दों पर चर्चा की जानी चाहिए। जितनी जिम्मेदारी इसकी विपक्ष की है, उतनी ही सत्तापक्ष की भी। बल्कि सत्तापक्ष की जवाबदेही कुछ ज्यादा ही होती है। इसलिए निजी हमलों के बजाय सार्वजनिक मुद्दों को ही प्राथमिकता दी जाए, यह बेहतर होगा। संसद चले और सार्थक बहस हो, यही सही अर्थों में लोकतंत्र की सार्थकता है।

# सवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के मौलिक अधिकार का है...

**अजय बोकिल**

भारत में शिक्षा कोचिंग के दुष्चक्र में फंसे छात्र छात्राओं द्वारा हर साल आत्महत्याओं की बात नई नहीं है, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में एक नामी कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से तीन भावी आईएएस बनने के इच्छुकों का बेमौत मारा जाना दरअसल तीनों की समूचे असंवेदनशील तंत्र द्वारा की गई हत्या है। इस घटना ने पहली बार यह मुद्दा शिद्दत से उठाया है कि आखिर छात्रों के भी मौलिक अधिकार है और उनकी हर हाल में रक्षा की जानी चाहिए। मानवीय गरिमा से रहित माहौल मे रहकर किसी परीक्षा को पास कर लेना भी अपने आप में नैतिक अपराध है। ऐसी ही एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र अविनाश दुबे ने देश के सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी. वाय. चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर गुहार की है कि वो छात्रों के मौलिक अधिकारों को संरक्षित करें। यह अधिकार स्वस्थ वातावरण में जीते हुए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का है। हालांकि देश में छात्रों के कुछ मौलिक अधिकार तो पहले से हैं। ये है शिक्षा का अधिकार, समान व भेदभाव रहित अवसरों का अधिकार, सूचना व निर्भीक अभिव्यक्ति का अधिकार। लेकिन शिक्षा के व्यवसायीकरण ने इन अधिकारों में स्वस्थ और तनावरहित वातावरण में अध्ययन का अधिकार भी शामिल हो गया है। यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि गिने- चुने कोचिंग संस्थानों को छोड़ दें तो अधिकांश में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों छात्र किन हालात में जी रहे हैं, किस तरह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बुनियादी सुविधाएं भी ठीक से मुहैया हैं या नहीं, इन पर शायद ही किसी का ध्यान जाता हो। खुद छात्रों और उनके अभिभावकों का ध्यान भी ज्यादातर इसी बात पर रहता है कि बच्चे का किसी तरह अच्छी नौकरी अथवा? शिक्षा संस्?थान में सिलेक्शन हो जाए बाकी बातें गौण हैं। कुछ दिनों की तकलीफ है। अंत भला तो सब भला। वो इस बात को भी दरकिनार कर देतें हैं कि कोचिंग संस्थान मोटी फीस लेने के बदले कैसी सेवाएं दे रहे हैं। ये कोचिंग संस्थान केन्द्र सरकार की उस गाइड लाइन का पालन कर भी रहे हैं या नहीं, जो ऐसे कोचिंग संस्थानों में आधारभूत सुविधाएं तथा सेवाएं देने के लिए बनाई गई हैं। हालांकि इसमें वो मानसिक दबाव शामिल नहीं है, जिसके कारण हर साल कई बच्चे बीच कोचिंग में ही आत्महत्या कर न केवल खुद की जीवन लीला समाप्त कर लेते है बल्कि उन मां बाप को भी जीवन भर का जख्म दे जाते हैं, जो किसी तरह पेट काटकर अपने लाडले या लाडली को कुछ बनाने के लिए मुंह मांगा पैसा खर्च करते हैं।





दरअसल प्रतियोगी परीक्षाओंके लिए कोचिंग का कारोबार और इसके पीछे का मनोविज्ञान भारत में अब एक विशाल उद्योग और कारोबार का रूप ले चुका है। कोचिंग भी मुख्यत: दो तरह की होती है। पहली नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तो दूसरी श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए। ये सिलसिला शिक्षण संस्थान में प्रवेश से लेकर अच्छी नौकरी पाने तक जारी रह सकता है। देश में आज 68 हजार118 रजिस्टर्ड कोचिंग संस्थान चल रहे हैं और इनमें हर साल करीब 3 लाख छात्र कोचिंग लेते हैं। अनरजिस्टर्ड कितने हैं, इसकी जानकारी नहीं है। राजस्थान का कोटा शहर सबसे बड़ा कोचिंग हब है, जहां 146 कोचिंग सेंटर हैं। कोचिंग संस्थान छात्रों को परीक्षा पास कराने के लिए अपने यहां अच्छे ट्यूटर, पेपर सॉल्व करने की तकनीक, विषयवार अध्यापन, मॉक इंटरव्यू आदि आयोजित करने का दावा करते हैं। ये तस्वीर पेंट की जाती है कि उनके यहां एडमिशन लेने पर जन्नत का द्वार खुल जाएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं के नतीजे आने के तत्काल बाद अखबारों में कोचिंग संस्थानों के बड़े- बड़े विज्ञापन छपते हैं, जिसमें सफल छात्रों की तस्वीरें और रैंक छापकर नए क्लायंट्स को आकर्षिक किया जाता है। ये कोचिंग में ऑन लाइन और ऑफ लाइन दोनो होती है। ऑफ लाइन विद्यार्थियों के रहने के लिए होस्टल, मेस तथा लायब्रेरी सुविधा होने का भी दावा किया जाता है। लेकिन हकीकत में ये सुविधाएं कहां और कितनी गुणवत्तापूर्ण होती हैं, यह बड़ा सवाल है। कई जानकारों का मानना है कि अगर स्कूल कॉलेजों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाए तो कोचिंग संस्थानों की अमरबेल पनप ही नहीं सकती। लेकिन वो एक अलग कहानी है। एक अनुमान के अनुसार आज भारत में कोचिंग उद्योग आज 58 हजार करोड़ रू. का है, जो 15 फीसदी सालाना की दर से बढ़ रहा है। अगले चार सालों में इसके 1.33 लाख करोड़ रू. का हो जाने की संभावना है। कारण वही कि ज्यादा से ज्यादा लोग सरकारी नौकरी और बेहतर शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेना चाहते हैं। क्योंकि यही सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। हालांकि इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि कोचिंग उद्दयोग करीब 10 लाख लोगों को रोजगार भी दे रहा है।

इन सबके बावजूद दिल्ली की घटना शायद अपने आप में पहली ऐसी हिला देने वाली घटना है, जिसमें जिसमें एक किताबघर ही मौत के घर में तब्दील हो गया हो। इस भयंकर हादसे में जान गंवाने वाले तीनो विद्यार्थी श्रेया यादव, तान्या सोनी और नेविन डेल्विन अपने- अपने राज्यों से दिल्ली इस उम्मीद में आए थे कि वो कोचिंग लेकर यूपीएससी की कठिन परीक्षा पास कर आईएएस बनेंगे। लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने उनके सपनो पर पहले ही गंदा पानी फेर दिया। आश्चर्य की बात तो यह है कि दिल्ली के राजेन्द्र नगर में जिस प्रतिष्ठित राउज आईएएस कोचिंग सेंटर में यह सब हुआ,उसे देश का पहला कोचिंग सेंटर माना जाता है। इसकी स्थापना 1953 डॉ. एस राव ने राजनीति विज्ञान की कोचिंग के रूप में कनाट प्लेस में की थी। बाद में यहां यूपीएससी परीक्षा की तैयारियों की कोचिंग भी शुरू हुई। अब इस कोचिंग संस्थान के मालिक अभिषेक गुप्ता हैं। संस्थान का ध्येय वाक्य है 'शिक्षा कभी बेकार नहीं जाती।' इस संस्थान का दावा है कि 2024 में यूपीएससी में सफल छात्रों में से 281 छात्र राउज स्टडी सर्कल के हैं। शायद यही कारण है कि बच्चे इस संस्थान की बेसमेंट में बनी असुरक्षित लायब्रेरी में भी बैठकर पढ़ने में मशगूल थे और जब अचानक नाले का पानी वहां भरने लगा तो बच कर बाहर भी नहीं निकल सके। क्योंकि बिजली नहीं होने से बाहर निकलने का गेट भी जाम हो गया था।

यहां सवाल यह भी है कि बेसमेंट जहां अमूमन पार्किंग, स्टोर आदि होता है, में लायब्रेरी बनाने का क्या औचित्य है? यह इस बात का भी परिचायक है कि हम भारतीयों के लिए पुस्तकालय का कितना महत्व है? किताबें हमारे घरों अथवा इमारतों में कहां जगह पाती हैं? इस हादसे के बाद सोया प्रशासन और बेपरवाह सरकार भी जागी है। देरी से जागने वालों में वो अफसर भी हैं, जो शायद किसी कोचिंग के बाद परीक्षा पास कर नौकरी में आएं हों। नाराज कोचिंग छात्रों के आंदोलन और व्यापक आलोचना के बाद कोचिंग संचालकों, बिल्डिंग मालिक और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार भी किया गया है। लेकिन यह सब चिड़िया खेत चुग जाने के बाद भी बातें हैं।

यहां मूल मुद्दा यह है कि क्या सरकारें कोचिंग संस्थानों पर यह दबाव बना पाएंगी कि वो इस काम को महज अंधी कमाई का धंधा न मानकर मूलभूत और गुणवत्तापूर्ण सेवा के रूप में लें। क्योंकि कोचिंग संचालकों का अपना जाल है और पहुंच है। जबकि कोचिंग में पढ़ रहे छात्रों का कोई देशव्यापी संगठन नहीं है, जो उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए लड़ सके। कोई विद्यार्थी कोचिंग के बाद भी प्रतियोगी परीक्षा पास होता है या नहीं, यह अलग बात है, लेकिन जीने के सेहतमंद माहौल में परीक्षा की तैयारी करने के उसके मौलिक ?अधिकार की संरक्षा तो होनी ही चाहिए। दिल्ली जैसे महानगरों में गरीब और मध्यम वर्ग के सैंकड़ों तंगहाली में भेड़ बकरी जैसे हालात में परीक्षा की तैयारी करते हैं। वो चुपचाप सहते जाते हैं। ऐसे लोगों का कभी कोई सर्वे हुआ हो, जानकारी में नहीं है। केवल उन लोगों की फोटो जरूर छपती है, जो परीक्षा पास कर गए हैं। लेकिन उन छात्र छात्राओ का क्या जिनके मानवीय गरिमा के साथ अध्ययन करने और जीने के संवैधानिक अधिकार का हनन सुनियोजित तरीके से हुआ है?

# Inactivity and Obesity



- N K Tripathi

Accumulating too much of fat is obesity. Obesity normally results from remaining inactive. Indians are more inactive than world average. Lancet, the most trusted medical journal, reports that one third of the global population and (but) half of Indian population of adults, do not meet WHO recommended levels of physical activity. Inactivity leads to extra fat in body, which is called obesity. Body mass index (BMI) measures the body fat based on height and weight. A BMI of 30 or more (in men and women) indicates he/She may be overweight. Higher BMI results in abdominal obesity. This can be easily found out by waist-height ratio. Divide the waist size by the height. A healthy ratio is no greater than 0.5. Many perceptions have been broken by actual survey. In India rural areas are catching up with urban areas in BMI. Surprisingly abdominal obesity is 40% among women compared to 12% in men. . The findings show that 5-6 out of 10 women between the ages of 30-49 are abdominally obese. Obesity makes people more likely to have high blood pressure and unhealthy cholesterol levels, which are risk factors for heart disease and strokes. Technology can help give us timely warning to be active. Smartphones can warn us about our daily activity and can even discover any cut in our sprightliness in our knees and change in gait. The government should also proactively design targeted interventions for abdominal obesity, especially for women in their thirties and forties in India. Healthy people make a strong country.

# टुकड़े-टुकड़े दिन बीता, धज्जी-धज्जी रात मिली...



**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

टुकड़े-टुकड़े दिन बीता, धज्जी-धज्जी रात मिली। जिसका जितना आंचल था, उतनी ही सौगात मिली...यह शब्द शायद सभी की जिंदगी की कहानी बयां करते हैं। पर यह लेखनी ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी की है। मीना कुमारी जितनी अच्छी अदाकारा थीं, उतनी ही बेहतरीन शायरी लिखती थीं। इसके अलावा भी अलग-अलग कलाओं में पारंगत मीना कुमारी की जिंदगी को त्रासों ने भी कोई मोहलत नहीं दी। मीना कुमारी को हम आज इसलिए याद कर रहे हैं, क्योंकि उनका जन्म 1 अगस्त को ही हुआ था। मीना कुमारी (1 अगस्त, 1933 ङ्क 31 मार्च, 1972) (मूल नाम -महज़बीं बानो) भारत की एक मशहूर हिन्दी फिल्मों की अभिनेत्री थीं। इन्हें खासकर दुखांत फ़िल्मों में इनकी यादगार भूमिकाओं के लिये याद किया जाता है। मीना कुमारी को भारतीय सिनेमा की ट्रैजेडी क्वीन (शोकान्त महारानी) भी कहा जाता है। अभिनेत्री होने के साथ-साथ मीना कुमारी एक उम्दा शायारा, कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर एवम् पार्श्वगायिका भी थीं। इन्होंने वर्ष 1939 से 1972 तक फ़िल्मी पर्दे पर काम किया। बाल कलाकार से नामी अदाकारा तक मीना को शोहरत में बुलंदियां मिलीं, तो दुखों के सागर भी उनके आसपास ही रहे। आज हम मशहूर अदाकारा मीना कुमारी जो शायरी भी कहती थीं, की तीन चुनिंदा ग़ज़लें पढ़कर उनके जीवन की पूरी दास्तां महसूस की जा सकती है। तो पढ़ते हैं मीना कुमारी की यह तीन गजल-

1-

चांद तन्हा है आसमां तन्हा,
दिल मिला है कहां-कहां तन्हा।
बुझ गई आस, छुप गया तारा,
थरथराता रहा धुआं तन्हा।
ज़िन्दगी क्या इसी को कहते हैं,
जिस्म तन्हा है और जां तन्हा।
हमसफ़र कोई गर मिले भी कभी,
दोनों चलते रहें कहां तन्हा।
जलती-बुझती-सी रौशनी के परे,
सिमटा-सिमटा-सा एक मकां तन्हा।
राह देखा करेगा सदियों तक
छोड़ जाएंगे ये जहां तन्हा।

2-

टुकड़े-टुकड़े दिन बीता, धज्जी-धज्जी रात मिली,
जिसका जितना आंचल था, उतनी ही सौगात मिली।
रिमझिम-रिमझिम बूंदों में, ज़हर भी है और अमृत भी
आंखें हंस दीं दिल रोया, यह अच्छी बरसात मिली।
जब चाहा दिल को समझें, हंसने की आवाज़ सुनी
जैसे कोई कहता हो, ले फिर तुझको मात मिली।
मातें कैसी घातें क्या, चलते रहना आठ पहर
दिल-सा साथी जब पाया, बेचैनी भी साथ मिली।
होंठों तक आते आते, जाने कितने रूप भरे
जलती-बुझती आंखों में, सादा-सी जो बात मिली।

3-

आगाज़ तो होता है अंजाम नहीं होता
जब मेरी कहानी में वो नाम नहीं होता।
जब ज़ुल्फ़ की कालिख़ में घुल जाए कोई राही
बदनाम सही लेकिन गुमनाम नहीं होता।
हंस-हंस के जवां दिल के हम क्यों न चुनें टुकड़े
हर शख़्स की किस्मत में ईनाम नहीं होता।
बहते हुए आंसू ने आंखों से कहा थम कर
जो मय से पिघल जाए वो जाम नहीं होता।
दिन डूबे हैं या डूबे बारात लिये कश्ती
साहिल पे मगर कोई कोहराम नहीं होता।

मीना कुमारी की जिंदगी को जीने के लिए यही तीन गजलें काफी हैं। वैसे फ़िल्म पाक़ीज़ा के रिलीज़ होने के तीन हफ़्ते बाद मीना कुमारी की तबीयत बिगड़ने लगी। 28 मार्च 1972 को उन्हें बम्बई के सेंट एलिज़ाबेथ अस्पताल में दाखिल करवाया गया।

31 मार्च 1972, गुड फ्राइडे वाले दिन दोपहर 3 बजकर 25 मिनट पर महज़ 38 वर्ष की आयु में मीना कुमारी ने अंतिम सांस ली। पति कमाल अमरोही की इच्छानुसार उन्हें बम्बई के मज़गांव स्थित रहमताबाद कब्रिस्तान में दफनाया गया। हालांकि मौत से काफी पहले मीना कुमारी अपने पति कमाल से अलग रह रही थीं मीना कुमारी इस लेख को अपनी कब्र पर लिखवाना चाहती थीं -

वो अपनी ज़िन्दगी को एक अधूरे साज़, एक अधूरे गीत, एक टूटे दिल, परंतु बिना किसी अफसोस के साथ समाप्त कर गई।

# आसान नहीं है विकसित भारत -2047

**राकेश दुबे**

भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत-2047' पर देश में हर जगह चर्चा हो रही है। चर्चाओं का केंद्र अगले कुछ वर्षों में 7 प्रतिशत सालाना से अधिक औसत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करना है। इस समय भारत और चीन की तुलना करना उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 1991 में दोनों देशों में कृषि में रोजगार का प्रतिशत आसपास ही था। चीन में यह 60 प्रतिशत तथा भारत में 63 प्रतिशत था, किंतु विश्व बैंक के अनुसार करीब 30 साल बाद चीन में यह तेजी से कम होकर 23 प्रतिशत रह गया, जो भारत के 44 प्रतिशत आंकड़े से बहुत कम है। इन 30 साल के भीतर चीन में लगभग 20 करोड़ कृषि श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्रों में चले गए। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में भी काफी संख्या में श्रमिक खेती से बाहर चले गए मगर इसी दौरान कृषि में रोजगार पाने वालों की संख्या 3.5 करोड़ बढ़ गई।

भारत को मौजूदा निम्न-मध्यम आय स्तर से उच्च आय स्तर या उच्च मध्यम आय स्तर तक लाने के लिए जरूरी बदलाव पर भी सबका ध्यान केंद्रित है । यह बदलाव रोजगार के ढांचे में होना है, जिसके तहत कृषि क्षेत्र से जुड़ा रोजगार घटना चाहिए और उद्योग तथा सेवा क्षेत्र का रोजगार उतना ही बढ़ना चाहिए।

वैसे भारत 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने की आकांक्षा रखता है और इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कृषि रोजगार के प्रतिशत की बात करें तो आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) देशों में यह लगभग 5 प्रतिशत है जो भारत में कृषि में वर्तमान रोजगार के प्रतिशत का लगभग आठवां हिस्सा है।

उच्च-मध्यम आमदनी वाले देशों में भी कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी आज भारत की तुलना में केवल आधी है। विकसित देशों की श्रेणी में शामिल कृषि वस्तुओं के प्रमुख निर्यातक जैसे न्यूजीलैंड या ब्राजील में भी कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी केवल 6-8 प्रतिशत के भीतर है। अगर भारत को 2047 तक उच्च आमदनी वाले देश का दर्जा हासिल करना है या उच्च-मध्यम आय के स्तर तक पहुंचना है तो उसे कृषि से बड़ी संख्या में श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्र की ओर भेजने होंगे।

इससे भी ज्यादा नाटकीय मामला वियतनाम का है, जहां 1991 में रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत थी मगर 2021 में घटकर 29 फीसदी रह गई। इसका बड़ा कारण यह है कि चीन और वियतनाम में इन वर्षों के दौरान अधिक निर्भरता विनिर्माण में रोजगार सृजन और निर्यात बढ़ाने वाली वृद्धि पर रही है।

भारत के मामले में 1991 और 2021 के आंकड़ों की तुलना में एक अहम बिंदु छिप जाता है। कृषि की हिस्सेदारी में गिरावट और उद्योग तथा सेवाओं में वृद्धि मुख्य रूप से 1990-91 से 2014-15 के बीच यानी 25 वर्षों दौरान हुई। उसके बाद से विनिर्माण में वृद्धि की कई योजनाएं आने के बाद भी कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। संभवत- कोविड के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की वापसी की वजह से भी कृषि क्षेत्र से रोजगार स्थानांतरित होने की रफ्तार धीमी रही है। भारत में राज्यों के बीच अंतर पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

अहम मुद्दा यह है कि हम किस दर पर उद्योग और सेवा क्षेत्र में बेहतर रोजगार सृजन कर सकते हैं ताकि कामकाजी उम्र वाले लोगों की बढ़ती संख्या और कृषि क्षेत्र से आने वाले लोगों को इसमें खप सके। 2047 तक कामकाजी उम्र वाली आबादी (15 से 59 वर्ष) का आधिकारिक पूर्वानुमान लगाएं और मान लें कि काम ढूंढने वालों में करीब 65 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी समूह की होगी तो हमारे पास रोजगार ढूंढने वाले करीब 12 करोड़ नए लोग होंगे।

इसके अलावा सबसे मुश्किल पूर्वानुमान कृषि क्षेत्र से निकलने वाले श्रम बल के दूसरे क्षेत्रों में स्थानांतरण के मूल्यांकन का स्तर है। अगर हम विकसित या उच्च आमदनी वाला देश बनना चाहते हैं तब कृषि क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा कम होकर 10 प्रतिशत के स्तर पर आना चाहिए। इसका मतलब है कि लगभग 15 करोड़ लोगों को कृषि क्षेत्र छोड़ना होगा। इस तरह उद्योग और सेवा क्षेत्रों में 27 करोड़ से अधिक नए रोजगार पैदा करने की आवश्यकता है ताकि रोजगार ढूंढने वाली आबादी और कृषि क्षेत्र छोड़ने वाली अतिरिक्त आबादी इसमें खप सके। अगले 25 वर्षों में यह तादाद सालाना 1 करोड़ से अधिक नई उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की नौकरियां हैं।

असली चुनौती यह है कि हमें 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए एक ऐसी योजना चाहिए जो उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार के बेहतर मौके तैयार करे, खासतौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां आज भी औसतन करीब 55 प्रतिशत लोग खेती में रोजगार पाते हैं। अगले 25 साल में देश में जितने भी नए कामगार बढ़ेंगे, उनमें से लगभग 90 प्रतिशत इन पांच राज्यों से होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## जन शिक्षण संस्थान द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का समापन




शाजापुर। संस्थान के प्रबंधकीय मण्डल के वरिष्ठ सदस्य एवं सामाज सेवी सुभाष मंडलोई उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरुआत में मां सरस्वती का पूजन कर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एच एस यादव ने पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के संचालन की सिल सिलेवार जानकारी दी साथ ही वर्तमान में संचालित प्रशिक्षणों को बेहतर बनाने हेतु जरूरी समझाइश भी दी। मुख्य अतिथि द्वारा संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रम को एक बेहतर प्लेट फार्म बनाते हुए अपने हुनर को मजबूत करने की सलाह दी। निदेशक श्री मनीष कुमार दुबे द्वारा मंत्रालय से प्राप्त नवीन दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को परदरिशीता से संचालित करने को बताया साथ ही हितग्राहियों में मोटिवेशन को बढ़ाने पर जोर दिया। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हितग्राहियों को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा अन्य सहयोगी हितग्रायों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अंत में कार्यक्रम अधिकारी निशा आर्य ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन सुरेश कासन्या ने किया

## अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी ने लगाए पौधे

**औबेदुल्लागंज।** पर्यावरण को संरक्षित रखने में पेड़ पौधों का अहम योगदान होता है। इसी प्रकार आहार श्रृंखला को आगे बढ़ाने में पक्षियों की भी अहम भूमिका होती है। पेड़-पौधे जहां जीवनदायिनी आक्सीजन देते हैं वहीं खाद्य, जल एवं आहार श्रृंखला को आगे बढ़ाने में पक्षियों का भी बड़ा योगदान होता है। पेड़ पौधे की कमी से आक्सीजन की कमी होती चली जाएगी जिससे जीना दूभर हो जाएगा। ऐसे में पेड़ पौधे जीवन को बचाने में ही नहीं अपितु पर्यावरण को सुरक्षित रखने में भी अहम रोल अदा कर रहे हैं। अगर पेड़ पौधे कम हो जाएंगे तो पक्षियों का आश्रय स्थल कम होता चला जाएगा। यही कारण है कि वनों की कटाई के चलते जीव-जंतु कम होते चले जाएंगे। आहार श्रृंखला में भी पेड़ पौधों की भूमिका कम नहीं है। शाकाहारी जीव जंतु पेड़ पौधों को परोक्ष एवं प्रत्यक्ष रूप से खाते हैं। यदि पेड़ पौधे नहीं होंगे तो शाकाहारी जीव कम हो जाएंगे, जिसके चलते मांसाहारी जीवों पर कुप्रभाव पड़ेगा और आहार श्रृंखला कमजोर होती चली जाएगी। क्षेत्र में पेड़ पौधों को लगाने में समाजसेवी सुनील सेरिया आदि का प्रयास प्रशंसनीय रहा है जिन्होंने हजारों पेड़ पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ ही अन्य लोगों को भी प्रेरित किया है। आज भी क्षेत्र में कई पर्यावरणविद एवं समाजसेवी पेड़ों को बचाने में लगे हुए हैं। अंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसायटी द्वारा आज वार्ड नंबर 4 स्थित अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास में एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जिसमें अमरूद ,नीम,अशोक आस्था, जामुन पौधे लगाए गए इस कार्यक्रम में अधीक्षक श्रीमती अर्चना बागड़ी, अधीक्षक गोलंनदास, जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक श्रीमती निशा बहेकार, संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया, सचिव अमित श्रीवास्तव, सुरजीत सिंह बिल्ले, पार्षद सुजीत यादव, बारेलाल नायक, वीरसिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि अनूप सिंह चौधरी,पार्षद प्रतिनिधि मनोज चौरसिया, प्रमोद पांडेय, राजकुमार शर्मा, आशीष यादव, सुशील चतुर्वेदी, सुरेश केवट आदि उपस्थित रहे।

# सागर भाजपा में बगावत; पार्षदों ने अपनी ही मेयर के खिलाफ खोला मोर्चा, मंत्री से मिले नेता

**मप्र के सागर भाजपा में बगावत सामने आई है, भाजपा के दो दर्जन से ज्यादा पार्षदों ने भोपाल पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री से मुलाकात कर मेयर की शिकायत की है...**



सागर। सागर बीजेपी में बड़ी बगावत सामने आई है। नगर निगम के पार्षदों ने अपनी ही मेयर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मामला राजधानी तक आ पहुंचा है। पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम में चार से पांच लोग महापौर की हैसियत से ही काम कर रहे हैं। पार्षदों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिलकर मामले की शिकायत की है। सागर में बीजेपी में एक साल से दबे स्वर में चली आ रही आपसी कलह अब खुलकर सामने आ गई है।

### कैलाश विजयवर्गीय से की मेयर की शिकायत

बीजेपी के दो दर्जन से ज्यादा पार्षदों ने भोपाल पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात कर मेयर की शिकायत की है। सभी पार्षद सागर विधायक शैलेंद्र जैन के साथ मंत्री विजयवर्गीय से मिले। खास यह था कि सागर से ही मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी इस दौरान मौजूद रहे। बताया जाता है कि मंत्री विजयवर्गीय ने एक-एक पार्षद से वन-टू-वन किया है। अब ताजा खबर यह है कि पार्षदों के वापस सागर पहुंचने के बाद बुधवार को नगर निगम में भी बैठक हुई है। बताया जाता है कि इसमें पार्षदों ने नाराजगी जाहिर की है। पार्षदों में किस बात को लेकर नाराजगी है इसको लेकर कई बार संपर्क करने के बाद भी महापौर संगीता तिवारी ने अपना पक्ष नहीं रखा है।

### पार्टी की छवि हो रही खराब

पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम में चार-पांच महापौर काम कर रहे हैं। मेयर संगीता तिवारी की जगह उनके पति सुशील तिवारी, भतीजा रिशांक, बेटा और अन्य परिजनों का जमावड़ा रहता है। मेयर की गैरमौजूदगी में उनके परिजन कक्ष में बैठे रहते हैं। पार्षदों के साथ बीजेपी से जुड़े लोगों को भी काम के लिए चक्कर कटवाए जा रहे हैं। इससे पार्टी की छवि के साथ विकास के काम प्रभावित हो रहे हैं।

### मेयर के वित्तीय अधिकार खत्म करने की मांग

भोपाल पहुंचीं महिला पार्षदों ने मंत्री विजयवर्गीय को बताया कि महिला मेयर होने के बाद उन्हें कार्यालय पहुंचने पर समस्या का सामना करना पड़ता है। कहीं कोई धूम्रपान करता है तो कई अनावश्यक लोग बैठे रहते हैं। सूत्रों के अनुसार, पार्षदों ने मेयर संगीता तिवारी के वित्तीय अधिकार समाप्त करने की मांग की है। उनका आरोप है कि नगर निगम में वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं।

अनुसूचित जाति वर्ग के पार्षदों ने उनके साथ मेयर के परिजनों द्वारा गलत व्यवहार किए जाने के आरोप लगाए हैं।

जिला बीजेपी संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के निगम कार्यालय में काम न होने की बात कही है।

जब पार्षद मंत्री विजयवर्गीय से मुलाकात कर रहे थे, तब वहां विधायक शैलेंद्र जैन के साथ मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि सागर जिले का मामला होने के कारण मंत्री राजपूत से भी नगरीय प्रशासन मंत्री ने चर्चा की। हालांकि इसे दूसरे सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

### संगठन के लोग भी मिले

आपको बता दें कि सागर नगर निगम में 48 पार्षद हैं। इनमें बीजेपी के 40, कांग्रेस के 7 और एक निर्दलीय पार्षद है। बीजेपी के 40 में से 25 से 30 पार्षद भोपाल पहुंचे थे, जिसमें आधी एमआइसी के मेंबर भी शामिल हैं। बीजेपी संगठन के कुछ पदाधिकारियों ने भी मंत्री विजयवर्गीय से मुलाकात कर अपनी बात रखी है।

### क्या ऑडियो से खुलेगा कोई राज?

सूत्रों के अनुसार, कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने मंत्री विजयवर्गीय को एक ऑडियो सौंपा है। आरोप है कि यह ऑडियो नगर निगम के साइट इंजीनियर और बीजेपी कार्यकर्ता की बातचीत का है। ऑडियो में इंजीनियर कह रहा है कि काम का भुगतान कराना है तो विधायक के बोलने से कुछ नहीं होगा। महापौर के फलां-फलां व्यक्ति से फोन करा दो। इस ऑडियो को पार्षदों ने शिकायत में प्रमुखता से शामिल किया है।

### मंत्री ने पार्षदों से शिकायत सुनी है

इस मामले को लेकर सागर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि पार्षदों ने अपने वार्डों से संबंधित समस्याओं को लेकर नगरीय विकास मंत्री से मुलाकात की है। महापौर को लेकर क्या शिकायत है यह सबको पता है। मंत्री ने पार्षदों से वन-टू-वन बात कर उनकी शिकायत सुनी है।

## धूमा पुलिस ने पकड़ा नकबजनी का शातिर आरोपी

**सिवनी-** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता द्वारा जिले में हो रही चोरी, नकबजनी की घटना पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। इसी दौरान दिनांक 19/07/2024 को प्रार्थी राजकुमार रजक पिता जीवनलाल रजक निवासी साई कालोनी मोहगांव ने थाना में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि धूमा बायपास रोड किनारे बने मकान जहाँ इसके पिताजी तथा माँ एवं भांजी रहती है। जहाँ दिनांक 19/07/2024 को दोपहर के 03 बजे से 05 बजे के बीच किसी अज्ञात चोर ने सूना मकान पाकर दरवाजा का ताला तोड़कर मकान के अंदर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोडकर सोने चाँदी के जेवरात (चांदी की करधनी वजनी करीबन 1 किलो, चांदी की 4 जोडी पायल, कान की दो जोड़ी सोने की झुमकी, सोने का लंबा मंगलसूत्र 1 नग, सोने की पत्ती 05 नग तथा नगदी करीबन 25 हजार रुपये) चोरी कर लिया है कि रिपोर्ट पर थाना धूमा में अपराध धारा 331(3), 305 बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के आदेशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक जी डी शर्मा एवं एसडीओपी लखनादौन अपुर्व भलावी के निर्देशन में थाना धूमा के दौरान विवेचना के सूचना तंत्र, सीसीटीव्ही फुटेज एवं तकनीकी जानकारी की मदद से आरोपी सद्दाम उर्फ इमरान पिता अनवर अली उम्र 30 साल निवासी नूरी मोहल्ला गोटेगांव नरसिंहपुर को अथक प्रयास कर साईबर टीम की मदद से गिरफ्तार किया गया।

## चिटाफंड कंपनी के शिकार लोगों ने भोपाल में दिया धरना



भोपाल तमाम मध्य प्रदेश के ठगी पीड़ित परिवार के लोग राजधानी भोपाल पहुंचकर एक विशाल बैठक रखी गई जिसमें चिट फंड कंपनी के लोगों ने आत्महत्या जैसी घर से बाहर अपने बाल बच्चों को बाहर लेकर चले गए गांव छोड़कर शहर छोड़ कर सरकार से कई बार गुहार लगा चुके हैं मगर सरकार अंधी बेरी और गूंगी हो गई हैं संगठन के माध्यम से भोपाल के नीलम पार्क में बैठक रखी गई जिसमें ठगी पीड़ित परिवार के लोगों ने कहा कि आत्महत्या करना एक समाधान नहीं है गांव से या शहरों से दूसरी जगह भाग जाना एक समाधान नहीं है संतों ने कहा कि अगर हम लोग गांव में रहते हैं या शहर में रहते हैं तो हमारे घर पर आकर निवेशकों द्वारा मारपीट की जाति है और हमारे घरों पर कब्जा भी कर लिया जाता है जिससे हमारा परिवार दुखी एवं आत्महत्या करने जैसी समस्याएं बन जाती हैं सरकार को कहीं बार अवगत करवा दिया गया है मगर सरकार हमारी तरफ कोई ध्यान भी नहीं देती हैं जिसके कारण हम लोगों ने एक विशाल संगठन बनाकर दिल्ली में भी धरना दिया गया और भोपाल में भी धरना दिया गया जिसमें पूर्व विधायक तराना एवं मीडिया प्रभारी कुंडल साहब प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल और कहीं चिटफंड कंपनी के तमाम लोग मौजूद रहे इन लोगों ने यह निर्णय लिया गया कि अगर सरकार ने हमारी बातें नहीं सुनी है तो हम लोग जल्दी ही नेशनल हाईवे जैसे चक्का जाम करेंगे हर जिले में बड़ी संख्या में धरना दिया जाएगा

# खंडवा सांसद की सांसदी हो सकती है रद्द, हाई कोर्ट ने दिए नोटिस जारी करने के आदेश, जाने पूरा मामला



देश में 18वीं संसदीय कार्रवाई के लिए हुए लोकसभा चुनाव में जहां इस बार बीजेपी को कुछ नुकसान उठाना पड़ा है, तो वहीं कांग्रेस इस चुनाव में मजबूत स्थिति में नजर आई है। भारतीय जनता पार्टी को जहां 2024 के लोकसभा चुनाव में 63 सीटों का नुकसान उठाते हुए 240 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है, तो वहीं कांग्रेस को इस चुनाव में 47 सीटों की बढ़त के साथ कुल 99 सीटें मिली हैं। लेकिन यह आंकड़े अब बदल सकते हैं? और बीजेपी की एक सीट कम होकर कांग्रेस के खाते में जा सकती है ?। दरअसल पूरा मामला मध्यप्रदेश की खंडवा संसदीय सीट से जुड़ा हुआ है, जहां खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की सांसदी को चुनौती दी गई है, और इसको लेकर मध्य प्रदेश के जबलपुर उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। जिस पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के द्वारा सांसद पाटिल सहित रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं।

बुरहानपुर जिले के रहने वाले अधिवक्ता मनोज कुमार अग्रवाल ने जबलपुर हाईकोर्ट में एक याचिका दायर करते हुए खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल का चुनाव रद्द किए जाने की मांग की है। यही नहीं, इसके साथ ही उन्होंने सांसद पाटिल और रिटर्निंग ऑफिसर पर कार्रवाई करने को लेकर भी अपनी याचिका में हाई कोर्ट से मांग की है। जिस पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को हाई कोर्ट जबलपुर में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं रिटर्निंग ऑफिसर सहित इस मामले में पार्टी बनाए गए अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी करने के आदेश किए गए हैं। बता दें कि, इस मामले में याचिकाकर्ता मनोज कुमार अग्रवाल खुद ही अपने प्रकरण की पैरवी कर रहे हैं। जिस पर मंगलवार को जारी आदेश में जबलपुर हाईकोर्ट ने आगामी सुनवाई की तारीख दिनांक 04.09.2024 नियत की है। वहीं, यदि इस याचिका पर अधिवक्ता मनोज कुमार के पक्ष में फैसला आता है तो, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की संसद सदस्यता समाप्त हो सकती है, और लोकसभा चुनाव की इस सीट से दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस के नरेंद्र पटेल को सांसद बनाया जा सकता है। हालांकि फिलहाल मामला कोर्ट में पेंडिंग है।

### सांसद पाटिल और रिटर्निंग ऑफिसर पर कार्रवाई की मांग

वहीइस पूरे मामले को लेकर खंडवा संसदीय सीट से निर्दलीय लोकसभा प्रत्याशी रहे अधिवक्ता मनोज कुमार विश्वंभर नाथ अग्रवाल का कहना है कि, माननीय उच्च न्यायालय ने प्रतिवादी ज्ञानेश्वर पाटिल और रिटर्निंग ऑफिसर सहित अन्य प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के आदेश कर दिए हैं, और मूल रूप से यह याचिका उन्होंने ज्ञानेश्वर पाटिल का चुनाव निरस्त करने और दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र पटेल को विजयी घोषित करने के लिए दायर की थी।

यही नहीं उन्होंने कहा कि, इसके अलावा ज्ञानेश्वर पाटिल और रिटर्निंग ऑफिसर के खिलाफ कार्रवाई की भी उन्होंने अपनी याचिका में मांग की है, और इस मामले की पैरवी वे खुद कर रहे हैं।

## नरसिंहपुर जिले में बनाये गए बाढ़ कंट्रोल रूम

नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिले में नगरीय निकाय व तहसील स्तर पर बाढ़ कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में स्थापित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07792- 233552 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी गिरीश धुलेकर को बनाया गया हैं, जिनका मोबाइल नम्बर 7694082585 है।

जिले की चार नगर पालिका परिषदों व चार नगर परिषदों सहित पांचों तहसीलों में बाढ़ कंट्रोल रूम बनाये गये हैं। इस सिलसिले में बाढ़ कंट्रोल रूम नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर का टेलीफोन नम्बर 07792- 280402, नगर पालिका परिषद गाडरवारा का टेलीफोन नम्बर 07791- 254777, नगर पालिका परिषद करेली का टेलीफोन नम्बर 07793- 270046 व नगर पालिका परिषद गोटेगांव का टेलीफोन नम्बर 07794- 282048 व 282089 और नगर परिषद तेंदूखेड़ा का मोबाइल नम्बर 9406785003, नगर परिषद चीचली का टेलीफोन नम्बर 07790- 226620, नगर परिषद सांईखेड़ा का टेलीफोन नम्बर 07791- 250320 व नगर परिषद सालीचौका का मोबाइल नम्बर 9407066391 है। इसी तरह बाढ़ कंट्रोल रूम तहसील करेली का मोबाइल नम्बर 9753013173, गोटेगांव का मोबाइल नम्बर 9425857271, गाडरवारा का टेलीफोन नम्बर 07791- 255732 और तेंदूखेड़ा का मोबाइल नम्बर 9826728196 है।

पुल- पुलियो का हो निरीक्षण, सुरक्षित होने के बाद ही हो आवागमन

जिला दंडाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने वर्षाकाल के दौरान जिले की समस्त सड़क निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया है कि वे पुल- पुलियों से पानी उतरने के बाद उसके सुरक्षित होने के पुनरीक्षण के उपरांत ही आवागमन प्रारंभ किया जावे। साथ ही समय- समय पर सड़कों का निरीक्षण करें। पुल डूबने की स्थिति निर्मित होने की दशा में संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी स्वयं अनुविभागीय दंडाधिकारी से समन्वय स्थापित कर पुल के दोनों ओर बेरीकेट्स लगाये व आवश्यकता पड़ने पर आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित करें। सुरक्षा परीक्षण उपरांत निर्माण/ मरम्मत कार्य करवाकर ही आवागमन प्रारंभ किया जावे। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति की जानकारी तत्काल जिला दंडाधिकारी को उपलब्ध कराई जाना सुनिश्चित करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिले में वर्षाकाल के दौरान अतिवृष्टि के कारण क्षेत्रांतर्गत विभिन्न सड़कों एवं पहुंच मार्गों पर बने पुल- पुलिया एवं रपटों के ऊपर से तेज बहाव के साथ पानी भरता और उतरता है। तेज बहाव की वजह से सड़क एवं पुल- पुलिया क्षतिग्रस्त होने की पूर्ण संभावना व्याप्त रहती है। पानी उतरने के तुरंत बाद ही बिना सुरक्षा परीक्षण के आवागमन प्रारंभ कर दिया जाता है, जो जनसुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए जिला दंडाधिकारी द्वारा आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से प्रभावशील किया है।

### आमला मेन रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण

## बीच बाजार स्कूल बसों के गुजरने से यातायात व्यवस्था प्रभावित

सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता आमला। नगर के मुख्य बाजार पीर मंजिल रोड की सकरी रोड के किनारे अतिक्रमण होने के कारण और दिन में भारी ट्रक वाहन सड़क किनारे खड़े रहते है। जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। वहीं सुबह 10 बजे स्कूल लगने के वक्त बच्चो को लाने और शाम 5 बजे स्कूल छूटने के बाद बच्चो को घर छोड़ने के वक्त जनपद चौराह से होकर मेन मार्केट एयर फोर्स रोड पर स्कूल बसों का कतार से गुजरना होता है। तब पैदल चलने वाले राहगीर और छोटे वाहन चालकों को बड़ी दिक्कत होती है। जिससे व्यापार भी प्रभावित होता है। नगर में यातायात पुलिस व्यवस्था नहीं होने से किसी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नगर में सी एम राइस स्कूल पैराडाइज स्कूल, वैली स्कूल, तथा सेंट थॉमस स्कूल, लाइव केरियर स्कूलो के डेढ़ हजार से अधिक स्कूल के बच्चो को लेकर स्कूल की लगभग पंद्रह से बीस बस उन सकरी कम चौड़ी मुख्य रास्तों से मुश्किल से गुजरती है। लेकिन इस दौरान ट्रैफिक या थाना पुलिस का कोई पुलिस कर्मी ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने मौजूद नहीं होता। बल्कि इस बात की निरक्षण भी नही किया जाता की स्कूल बसों में ड्राइवर कंडेकटर ड्रेस पहने हुए है। उनके पास लाइसेंस और आइडेंटी है या नही सीटी और हॉर्न का उपयोग करना भी जरूरी है। बसों मे महिला कंडेक्टर रखी गई है। कुछ वर्षो पहले पुलिस चौकी हुआ करती थी। जिसे हटा ली गई है। जिसके कारण यातायात के नियमो का पालन नही होता है। पूर्व पार्षद रमेश प्रजापति का कहना है कि ट्रैफिक परिवहन चौकी खोलना चाहिए नही होने से सड़क जाम हो जाती है।




### इनका कहना है।

बस चालको कतार के बजाय दूरी बनाकर चलना चाहिए। स्कूल संचालकों से चर्चा की जाएगी ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

**सत्य प्रकाश सक्सेना**
थाना प्रभारी आमला

परिवहन नियमो का पालन बस चालक द्वारा किया जाता है। फिर भी यातायात पुलिस चौकी खोलना चाहिए।

**राजेश खैरवाल**
सी एम राइस स्कूल, प्रिंसपल आमला

## विद्युत कंपनी द्वारा आदिवासी ग्रामीणों को दिए मनमाने बिजली बिल, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**योगेश गुप्ता?? सांध्य प्रकाश बैतूल बैतूल।** कांग्रेस नेता हर्षवर्धन घोटे के साथ ग्राम मथानी सावलमेंडा भैसदेही के एक सैकड़ा से अधिक आदिवासी ग्रामीण कलेक्ट्रेट कार्यलय पहुंचे और उन्होंने ने अपर कलेक्टर को अधिक बिजली के संबंध मे ज्ञापन सौंपा सौपा हैं। जिसमे आदिवासी ग्रामीणों ने बताया कि वह खेती किसानी और मजदूरी करते हैं। और उनके घरो मे उजाले के लिए दो या तीन सी एफ एल बल्व जलाते है। जिसका बिजली बिल महीने में एक सौ रुपए से दो सौ रुपए आता रहा है। जिसे हम ग्रामीण समय पर भर दिया करते हैं। लेकिन मई माह से बिजली कंपनी द्वारा मनमाने तरीके से ग्यहारा सौ से दो हजार रुपए के बिजली बिल दिए गए है। लेकिन इस बीच किसी भी बिजली उपकरण का उपयोग नहीं किया है। और बिजली बिल भरने में अपने आपकों असमर्थ बताया है। कांग्रेस नेता हर्षवर्धन घोटे ने कहा सरकार बिजली विभाग को आदिवासी ग्रामीणों को खुला लूटने का मौका दे रही है। कहा की ग्रामीणों के घर सुविधा के लिए बिजली का कोई उपयोगी समान नही है। केवल सी एफ एल बल्व जलाकर उजला करते है। सरकार आदिवासी ग्रामीणों को लेकर बिल्कुल चिंतित नहीं है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर अपर कलेक्टर से चर्चा की है। सरकार आदिवासी ग्रामीणों को अधिक बिजली बिल देकर कर्ज में ना रखे। विद्युत कंपनी से बड़े हुए बिजली बिल वापस लेने की मांग करी है।



सुल्तानपुर बन प्रांगण रायसेन में उत्कृष्ट कार्य के लिए डिप्टी रेंजर संजय मौर्य को सम्मानित किया करते हुए विधायक प्रभु राम चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा उर्फ बबलू भैया

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रं. Rs/444/0739/1413/2024

**इश्तहार**

आवेदक प्रेम बाई पुत्री पन्नालाल निवासी ग्राम दौलतपुरा कोलार भोपाल द्वारा ग्राम दौलतपुरा स्थित खसरा नंबर 148, 149, 150, 151, 155, 156, क्षेत्रफल 4.96 हे. का अंश बटान किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है

अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 30.08.2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसील**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**

## सोशल मीडिया से



एक भाई के रूप में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी का प्रदेश की अपनी लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर्व का उपहार...

- हर बहन को 1250 रू.के अतिरिक्त राखी शगुन के 250 रुपये...
- 450 में गैस सिलेंडर

÷बहनों के आँगन में खुशियाँ बिखरी रहे , आत्मसम्मान और आत्मविश्वास बना रहे।

इस संकल्प को पूरा करने के लिये हमारी सरकार निरंतर अपने कर्तव्य का पालन करती रहेगी.. ÷ - मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव




## भोपाल में बनेगा जीएसटी अपीलेट ट्रिब्यूनल ,इससे भोपाल मे बढ़ेंगी आर्थिक गतिविधिया



भोपाल विकसित राजधानी की दिशा में निरंतर प्रगति के साथ आगे बढ़ेगा बीसीसीआई प्रवक्ता अजय देवनानी एवं शहर के समस्त व्यापारी बंधु ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे भोपाल शहर मे आर्थिक गतिविधिया बढ़ेंगी साथ ही उद्योग- व्यापार को प्रोत्साहन मिलेगा ट्रिब्यूनल से राजधानी के साथ सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के व्यापारियो की समस्याओ के निराकरण मे सुविधा प्राप्त हो जाएगी

अजय देवनानी
प्रवक्ता, बीसीसीआई भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज

## फ्लिपकार्ट ने की फ्लिप इन ट्रेंड्स की शुरुआत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने देशभर के 100 से ज्यादा मेड-इन-इंडिया फैशन ब्रांड्स को साथ लाते हुए फ्लिपइनट्रेंड्स की शुरुआत की है इसका उद्देश्य इस साल त्योहारी सीजन के दौरान इन ब्रांड्स को अपने लिए विकास के अवसरों को अधिकतम करने में सहयोग प्रदान करना है फ्लिपकार्ट एप पर यह पेशकश शुरुआती जनरेटिव एआई इनोवेशन पर आधारित है जिसमें इनोवेटिव मर्चेंडाइज एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सुधारों का प्रयोग किया जाएगा और 50करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड यूजर्स के बारे में प्लेटफॉर्म की समझ का लाभ उठाया जाएगा। बात जब फैशन इंडस्ट्री की हो तो ट्रेंड्स में बदलाव की गति बहुत तेज है और फ्लिपइनट्रेंड्स का उद्देश्य ट्रेंडी प्रोडक्ट ऑफरिंग्स को समृद्ध करना है जिससे उपभोक्ताओं की मांग को प्रभावी तरीके से पूरा किया जा सके इस रणनीति के माध्यम से फ्लिपकार्ट सेलर एप के डैशबोर्ड पर ट्रेंड फोरकास्ट को शामिल करते हुए फैशन सेलर्स के साथ जुड़ाव बढ़ाया जाएगा। इससे सुनिश्चित किया जाएगा कि सेलर्स हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड को लेकर अपडेट रहें। कार्यक्रम की सफलता को लेकर फ्लिपकार्ट फैशन की सीनियर डायरेक्टर पल्लवी सक्सेना ने कहा फ्लिपइनट्रेंड्स की लॉन्चिंग अत्याधुनिक ट्रेंड्स को तैयार करने और अपने उपभोक्ताओं के लिए फैशन शॉपिंग एक्सपीरियंस को नए सिरे से परिभाषित करने के हमारे सफर की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव है हम भारतीय फैशन ब्रांड्स को सपोर्ट करने और उन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए समर्पित हैं ।

## रियलमी ने रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी का अनावरण किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में लंबे इंतजार के बाद सबसे आधुनिक उत्पाद - रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी, रियलमी वॉच एस2 और रियलमी बड्स टी310 पेश किए। रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी में दो मॉडल, रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो 5जी शामिल हैं। इसमें एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा है, जो इंप्रेशनिज़्म के महान मास्टर, क्लॉड मोनेट से प्रेरित आकर्षक डिज़ाईन के साथ अत्याधुनिक कैमरा टेक्नोलॉजी पेश करता है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम आज रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी, रियलमी बड्स टी310 और रियलमी वॉच एस2 पेश करके बहुत उत्साहित हैं। युवा यूज़र्स की जरूरतों को समझकर हमने अपने नैक्स्ट एआई लैब और एआईयूआई पॉपुलाईज़र प्लान की घोषणा की, जिसका उद्देश्य नैक्स्ट जनरेशन के एआई अनुभवों को अगले तीन सालों में कम से कम 100 मिलियन यूज़र्स तक पहुँचाना है। रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी का लॉन्च यह उद्देश्य पूरा करने की ओर पहला कदम है। रियलमी की एडवांस्ड एआई क्षमताओं द्वारा पॉवर्ड इसके अल्ट्रा-क्लियर कैमरा के साथ यूज़र्स को फोटोग्राफी की बहुत अच्छा अनुभव प्राप्त होता है। रियलमी बड्स टी310 और रियलमी वॉच एस2 अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और क्वालिटी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती हैं। अपने एआईओटी पोर्टफोलियो में ये नए उत्पाद शामिल करके हम एआईओटी सेगमेंट में अपनी सीमाओं का लगातार विस्तार कर रहे हैं। हम यूज़र्स को इनोवेटिव और उच्च गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करने के अपने इस सफर के लिए उत्साहित हैं, जो टेक्नोलॉजी की संभावनाओं के दायरे बढ़ा रहा है।''



**उप-मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने ऐप्पा भोपाल के सभाकक्ष में पीपीपी मोड पर हॉस्पिटल संचालनफ्र विषय में विभिन्न हॉस्पिटल संचालकों से बैठक की।**

## F&O की तेजी पर लगेगी लगाम !SEBI ने निवेशकों की सुरक्षा और बाजार स्थिरता के लिए सुझाए कदम



एक विशेषज्ञ कार्य समूह की सिफारिशों के आधार पर, बाजार नियामक ने विकल्प सौदों में कम स्ट्राइक मूल्य, विकल्प प्रीमियम अग्रिम लेने, न्यूनतम अनुबंध आकार को तीन गुना करने और साप्ताहिक निपटान को कम करने का प्रस्ताव दिया है। ये बहुप्रतीक्षित सिफारिशें विभिन्न वित्तीय नियामकों और अर्थशास्त्रियों की इस चिंता के बीच आई हैं कि डेरिवेटिव बाजार में अत्यधिक अस्थिरता के बाद छोटे निवेशकों को भारी नुकसान हो सकता है। डेरिवेटिव बाजार में हर दिन 400 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार होता है।

एडवाइजरी जारी होने से पहले आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एक कार्यक्रम में सेबी चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने कहा, 'अगर किसी परिवार की डेरिवेटिव सौदों में बचत से सालाना 50,000 रुपये से 60,000 रुपये का नुकसान होता है, तो यह एक कारण है। बड़ी चिंता का विषय है. एक्सचेंज मुनाफे पर नए नियमों के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर, एनएसई के प्रबंध निदेशक और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने कहा कि एक्सचेंज पहले स्तर के नियामक हैं और मुनाफा दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा, एक बार डेरिवेटिव को अंतिम रूप दे दिया जाए तो वे सेबी के दिशानिर्देशों का पालन करेंगे। सेबी के प्रस्ताव का मतलब है कि एक्सचेंजों को विकल्प खंड में प्रत्येक साप्ताहिक निपटान को बेंचमार्क करना होगा। वर्तमान में सूचकांक का साप्ताहिक निपटान सप्ताह के प्रत्येक दिन होता है। इससे सट्टा कारोबार को बढ़ावा मिलता है और अधिकांश सट्टा कारोबार निपटान के दिन ही होता है। इसके साथ ही नियामक ने न्यूनतम अनुबंध आकार को मौजूदा 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15-20 लाख रुपये करने की योजना बनाई है. यह समझौता इसके लागू होने के बाद अगले 6 महीने के लिए बढ़ाया जाएगा

## दिल्ली में बारिश के बीच सब्जी मंडी में बिल्डिंग ढही , कई लोगों के दबे होने की आशंका



नई दिल्ली में आज शाम से शुरू हुई झमाझम बारिश ने कई इलाकों को प्रभावित किया है। विशेष रूप से द्वारका-उत्तम नगर क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश के दौरान नॉर्थ दिल्ली के सब्जी मंडी इलाके में एक बिल्डिंग गिरने की खबर आई है, जिसमें कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए गए हैं और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर आपातकालीन सेवाएं भी तैनात की गई हैं।

पिछले साल की तुलना में इस महीने 82 प्रतिशत कम बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के आंकड़ों के अनुसार, इस साल 1 से 30 जुलाई तक दिल्ली में कुल 203 मिमी बारिश दर्ज की गई है। वहीं, पिछले साल जुलाई में 384 मिमी बारिश हुई थी। जुलाई 2023 में बारिश की मात्रा सामान्य से 83 प्रतिशत अधिक थी, जिससे दिल्ली को गंभीर बाढ़ की स्थिति का सामना करना पड़ा था।

इस बार, हालांकि बारिश की मात्रा काफी कम रही है, जिससे मौसम में कुछ राहत मिली है। उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन अगले कुछ घंटों में संभावित भारी बारिश को देखते हुए सतर्क रहने की जरूरत है।

हालांकि, भारी बारिश से सड़कें गीली और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन सकती है, लेकिन बारिश की यह राहत काफी समय से प्रतीक्षित थी। मौसम के इस बदलाव ने क्षेत्र के लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है और उन्होंने गर्मी की समस्याओं से निजात पाने की उम्मीद जताई है।

## सुप्रसिद्ध लेखक अशोक मनवानी सहित भोपाल की 4 शख्सियत जीवन शैली सम्मान से सम्मानित

**भोपाल- भोपाल में गत दिनों आयोजित एक समारोह में संयुक्त संचालक जनसंपर्क और सुप्रसिद्ध लेखक**

श्री अशोक मनवानी के साथ ही सर्जन डॉ अतुल अग्रवाल, पत्रकार श्री शशांक दुबे और एवरेस्ट की चढ़ाई चढ़ने वाली श्रीमती ज्योति रात्रे को भी इस सम्मान से नवाजा गया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने इन चारों विभूतियों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

डा. गांगुली योग विद्यापीठ संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि, जीवन में जिसने योग अपनाया फिर कभी कोई कष्ट उसने नहीं पाया। मेरे सभी सम्माननीय जन जो यहां संस्था से जुड़कर योग को अपने जीवन में अपना कर अपने जीवन को स्वस्थ रख रहे हैं, सभी को बहुत-बहुत बधाई। भोपाल शहर में योग का पर्याय समझे जाने वाले योग गुरु डॉ . गांगुली जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए, उन्हें कोटि-कोटि स्मरण करते हैं। हम सभी उनके विचारों को उनके कार्यो को हमेशा भोपाल में और पूरे मध्य प्रदेश में जीवित रखने का काम करेंगे। डॉ. पवन गुरु को भी बहुत-बहुत धन्यवाद जो कि 50 वर्षो से हमारी संस्कृति की एक ऐसी महान विद्या को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। यहां आने वाली जनमानस वास्तव में इसका लाभ लेकर एक आदर्श जीवन जीने का काम कर रहे हैं। इस संस्था में आने के बाद जो लाभ लोगों को मिला, जो परिणाम उनको दिखाई दिए। इसलिए योग हमारे जीवन और शरीर के लिए बहुत आवश्यक है।



मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि सभी सम्मानित विभूतियों ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज के लिए एक आदर्श स्थापित किया है। विधायक श्री भगवान दास सबनानी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान अनेक योग साधकों ने अपने योग गुरु डॉक्टर पवन गुरु और श्रीमती ममता गुरु का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री अजय श्रीवास्तव नीलू ने किया।

## PAYTM ने लॉन्च किया NFC कार्ड साउंडबॉक्स: अब हर जगह कार्ड से पेमेंट होगा आसान

भोपाल। ने हाल ही में एक नई तकनीक, क्क्तु4ह्लद्व हृस्नष्ट कार्ड साउंडबॉक्स लॉन्च की है, जिससे भारत में डिजिटल पेमेंट्स को और आसान बना दिया गया है। इस नए उपकरण के आने से अब छोटे व्यापारी भी कार्ड से पेमेंट स्वीकार कर सकेंगे, जिससे कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा मिलेगा।

**क्या है NFC कार्ड साउंडबॉक्स?**

हृस्नष्ट कार्ड साउंडबॉक्स एक छोटा सा डिवाइस है जिसे दुकानदार अपने मोबाइल फोन से कनेक्ट कर सकते हैं। इस डिवाइस में एक चिप होती है, जिसकी मदद से ग्राहक अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड को टैप करके पेमेंट कर सकते हैं।

**कैसे काम करता है?:** कनेक्शन- दुकानदार अपने मोबाइल फोन में ऐप को इंस्टॉल करते हैं और साउंडबॉक्स को इससे कनेक्ट करते हैं।

**पेमेंट-** ग्राहक को बस अपना कार्ड साउंडबॉक्स पर टैप करना होता है।

**पुष्टि-** पेमेंट होते ही साउंडबॉक्स एक ध्वनि निकालता है और पेमेंट की पुष्टि करता है।

**इस तकनीक के फायदे-** आसान पेमेंट- ग्राहकों को कैश ले जाने की जरूरत नहीं होती, वे आसानी से कार्ड टैप करके पेमेंट कर सकते हैं।




**तेज लेनदेन-** पेमेंट प्रक्रिया बहुत तेज होती है, जिससे कतारें कम लगती हैं।

सुरक्षित- यह तकनीक सुरक्षित है क्योंकि इसमें कार्ड का डेटा सुरक्षित रूप से ट्रांसफर होता है। छोटे व्यापारियों के लिए फायदेमंद- अब छोटे व्यापारी भी बड़े व्यापारियों की तरह कार्ड से पेमेंट स्वीकार कर सकते हैं।

**डिजिटल इंडिया-** यह तकनीक भारत को कैशलेस इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक कदम है।

**कहां इस्तेमाल हो सकता है?** किराने की दुकानें- छोटी-छोटी किराने की दुकानें भी अब कार्ड से पेमेंट स्वीकार कर सकेंगी।

**चाय-कॉफी के स्टॉल-** चाय-कॉफी के स्टॉल पर भी ग्राहक कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे।

**सैलून-** सैलून में भी ग्राहक कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे।

**छोटे व्यापारी-** अन्य छोटे व्यापारी भी इस तकनीक का उपयोग कर सकते हैं।

कार्ड साउंडबॉक्स भारत में डिजिटल पेमेंट्स के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। यह तकनीक छोटे व्यापारियों को डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ने में मदद करेगी और देश को कैशलेस इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## ओप्पो ने केवल 12,999 रुपये में मिलिटरी ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ ओप्पो के12एक्स 5जी पेश किया




ओप्पो इंडिया ने केवल 12,999 रुपये में के12एक्स 5जी पेश किया है। यह अपने सेगमेंट का सबसे मजबूत 5त्र स्मार्टफोन है। यह डिवाईस दो आकर्षक रंगों, ब्रीज़ ब्लू और मिडनाईट वॉयलेट में उपलब्ध है, और 2 अगस्त 2024 से ओप्पो ई-स्टोर एवं फ्लिपकार्ट पर मिलना शुरू होगी। यह सबसे ज्यादा ड्यूरेबिलिटी के लिए 'ओएमआइएल-एटएसटीडी 810एच' मिलिटरी ग्रेड सर्टिफिकेशन, आइपी54 डस्ट एवं वॉटर रज़िस्टैंस रेटिंग और सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ स्प्लैश टच टेक्नोलॉजी के साथ आता है, इसलिए यूज़र्स इसकी टच स्क्रीन को गीली उंगलियों से भी ऑपरेट कर सकते हैं।

ओप्पो के12एक्स 5जी अपनी 360 डिग्री डैमेज-प्रूफ आर्मर बॉडी के साथ 15,000 रुपये से कम मूल्य वर्ग में नए मानक स्थापित कर रहा है। ओप्पो द्वारा विकसित किए गए इसके दोगुने मजबूत पांडा ग्लास डिस्प्ले और हाई-स्ट्रेंथ अलॉय फ्रेम ने इसे काफी मजबूत बना दिया है। इसमें स्पंज बायोनिक कुशनिंग दी गई है, जो ड्रॉप रज़िस्टैंस बढ़ाने के लिए पर्याप्त गैप प्रदान करती है, जबकि शॉक एब्ज़ॉर्बिंग फोम मुख्य पार्ट्स को सुरक्षित करता है ताकि झटकों और धक्कों से इसे विस्तृत सुरक्षा मिल सके। यह कॉम्बिनेशन एमआईएल-'ओएमआइएल-एटएसटीडी 810एच सर्टिफाईड है, जिसके कारण के12एक्स 5जी अत्यधिक टिकाऊ एवं मजबूत है।

यह फोन एंटी-ड्रॉप शील्ड केस के साथ आता है, जो कॉर्नर कुशनिंग के साथ डिज़ाईन किया गया है। इसे गिरने से सुरक्षा देने के लिए इसमें एक मजबूत बैक शेल दिया गया है।

## बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो की बाफ्टा और एमी विजेता बीएफएक्स स्टूडियो , वन ऑफ अस में बहुमत हिस्से के अधिग्रहण के साथ वैश्विक उपस्थित

मुंबई, एजेंसी। एक प्रमुख विजुअल इफेक्ट्स बीएफएक्स स्टूडियो, बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड (बीएफएस) ने एक प्रीमियर लंदन एवं पेरिस स्थित बीएफएक्स स्टूडियो, वन ऑफ अस लिमिटेड में 70 प्रतिशत हिस्से का व्यूहात्मक अधिग्रहण करने की घोषणा की है. यह भागीदारी विजुअल इफेक्ट्स में उनके अपवादात्मक क्वालिटी और इनोवेटिव वर्क के लिए जाने जाते दो विख्यात स्टूडियो को एकजुट करेगी. वन ऑफ अस की मौजूदा लीडरशिप टीम सहज समन्वय और निरंतर एक्सीलेंस सुनिश्चित करने के लिए दैनिक ऑपरेशन की निगरानी करना जारी रखेगी.

यह अधिग्रहण ऑपरेशनल कार्य कुशलता, खर्चे में कमी और बढ़ी बाजार प्रतिस्पर्धा और महत्वपूर्ण व्यूहात्मक लाभ प्रदान करने के लिए तैयार है. अपनी संयुक्त सुविज्ञता और संसाधनों का उपयोग कर बीएफएस और वन ऑफ अस का उद्देश्य अपनी तकनीकी क्षमताओं को आधुनिक बनाना और क्रिएटिव क्षितिज विशेष रूप से नई उभरती तकनीकी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को विस्तृत बनाना है. दोनों कंपनियों के क्लाइंट को 900 आर्टिस्ट के विस्तारित टैलेंट पूल, अत्याधुनिक तकनीकी और प्रोपराइटरी टूल्स का लाभ मिलेगा, जिससे इनोवेटिव और हाई क्वालिटी विजुअल इफैक्ट्स की डिलीवरी सुनिश्चित होगी.

प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए बेसिक फ्लाइट स्टूडियो लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ श्री बालाकृष्णन ने कहा, मैं वन ऑफ अस में बहुमत हिस्से के अधिग्रहण की घोषणा करते हुए रोमांचित हूं. बेसिलिक फ्लाई की शुरुआत से हमारी यात्रा फिल्म, टीवी और स्ट्रीमिंग उद्योगों में वैश्विक उपस्थिति का निर्माण करने के पैशन द्वारा चालित रही है. यह अधिग्रहण एक्सीलेंस और इनोवेशन को आगे बढ़ाने में एक व्यूहात्मक माइलस्टोन को दर्शाता है. नए बाजारों, उभरती तकनीकियों और भौगोलिक क्षेत्र में हमारे प्रोएक्टिव विस्तार ने ना सिर्फ हमारे लचीलेपन को बढ़ाया है बल्कि हमें वैश्विक बीएफएक्स क्षेत्र में अभूतपूर्व ग्रोथ एवं लीडरशिप की स्थिति में भी लाया है.

## देश में बिना मान्यता लिए ये व्यापारी 27 देशों से कर आया करोड़ों का कारोबार , पर ओमान से आए एक कॉल ने बिगाड़ दिया खेल



भोपाल। देश में बिना मान्यता लिए ये व्यापारी 27 देशों से कर आया करोड़ों का कारोबार, पर ओमान से आए एक कॉल ने बिगाड़ दिया खेलज

भोपाल। मध्यप्रदेश के भोपाल और सीहोर जिले में बुधवार को मध्य प्रदेश के राज्य आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो ने एक बड़ी छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया. यह छापे की कार्रवाई जय श्री गायत्री फूड्स एंड डेयरी प्रॉडक्ट्स के ठिकानों पर की गई.

जय श्री गायत्री फूड्स पर आरोप है कि उसने जाली दस्तावेज तैयार कर विदेशों में करोड़ों का न सिर्फ कारोबार किया, बल्कि अपना साम्राज्य भी खड़ा कर दिया. ये कंपनी 27 देशों में फर्जी तरीके से अपने उत्पाद बेच रही थी. इसी आरोप में कार्रवाई प्रदेश के 12 ठिकानों पर की गई. इसमें कंपनी के व्यावसायिक और आवासीय ठिकाने भी शामिल हैं.

### इसी सप्ताह हुई एफआईआर

जय श्री गायत्री फूड्स एंड डेयरी प्रोडक्ट के मालिक किशन मोदी है. इसके अलावा पारुल मोदी और राजेंद्र मोदी अमित कुकरेजा कंपनी के महत्वपूर्ण ओहदे पर है. इस पूरे मामले में ठोस जानकारी शिकायत भगवान सिंह राजपूत से मिलने के बाद ईओडब्ल्यू ने कंपनी के अधिकारियों पर 24 जुलाई को मामला दर्ज किया. शुरुआती पूछताछ में आरोपियों ने ऐसी किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया था, लेकिन जैसे ही ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने दस्तावेजों की वेरिफिकेशन रिपोर्ट हासिल की, उसमें सारी चोरी पकड़ी गई.उसके बाद अधिकारियों ने छापे की कार्रवाई को अंजाम दिया.

### जॉर्डन ने की पीएमओ में शिकायत

अमानक स्तर की फर्जी सर्टिफिकेशन पर आधारित खाद्य सामग्री को लेकर जॉर्डन की सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की थी. इस शिकायत पर संज्ञान लिया गया. इसके बाद राज्य में हर तीन महीने में होने वाली केंद्र और राज्य की तमाम जांच एजेंसियों की रीजनल कॉन्फ्रेंस में इस कंपनी के फर्जीवाड़े पर चर्चा हुई, जिसके बाद जांच का जिम्मा ईओडब्ल्यू को सौंपा गया. ईओडब्ल्यू ने जब खाद्य सामग्री के एक्सपोर्टेशन से जुड़े हुए दस्तावेजों की पड़ताल की, तो सभी फर्जी निकले. इसके बाद यह कार्रवाई की गई. यही नहीं इस कंपनी को लेकर देश की सबसे बड़ी फूड चैन डोमिनोज ने भी अमानक खाद्य सामग्री सप्लाई करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी.

### विवादों से है पुराना नाता

बता दें कि इस कंपनी का विवादों से पुराना नाता रहा है. हाल की छापे की कार्रवाई के पहले भी कंपनी कई मामलों को लेकर विवादों में रही है. एक जून 2022 को आयकर विभाग ने भी कंपनी के खिलाफ छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया था. पिपलिया मीरा स्थित पनीर फैक्ट्री को प्रशासन ने 16 जुलाई को बंद किया था. जिला प्रशासन ने कार्रवाई पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के निर्देश पर की थी.

इसके बाद कंपनी के प्रोडक्ट बंद हो गए थे. वहीं, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड कंपनी पर एक करोड़ 20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा चुका है. यही नहीं, बिजली विभाग ने कंपनी का कनेक्शन भी काट दिया था. मार्च 2023 में खाद्य विभाग ने पनीर में पाम ऑयल की मिलावट की शिकायत पर छापा मारा था. करवाई के दौरान कोलकाता से आया पाम आयल से भरा टैंकर भी जब्त किया गया.

## पवित्र सावन माह में अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में चल रही शिवमहापुराण कथा



सौंसर/मोहगांव हवेली। पवित्र धर्मनगरी अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मोहगांव में सुप्रसिद्ध अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में श्रावण मास के उपलक्ष्य मुन्नाजी महाराज के मुखारविंद से चल रही शिव महापुराण कथा में श्रोताओं की भीड़ उमड़ रही हैं। अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली के प्रवचन हॉल में सोमवार से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक शुरू शिव महापुराण कथा के आज दूसरे दिन की कथा में मुन्नाजी महाराज ने कहा कि, शिव महापुराण में जीवन की सारी समस्याओं का निदान दिया गया है। शिव महापुराण कथा का समापन रविवार, 4 अगस्त 2024 को होगा। कथा के यजमान धनराज कौसाबाई हनवतकर ने कथा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिव महापुराण कथा का पुण्यलाभ लेने की अपील की हैं।

### एक पेड़ मां के नाम
## कुसमेली मंडी टेकड़ी पर किया वृक्षारोपण



छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी के नेतृत्व में कुसमेली मंडी टेकड़ी पर वृक्षारोपण किया गया एक पेड़ मां के नाम समस्त मित्र मंडली ने अपना योगदान दिया राजेश द्विवेदी सुरेंद्र शर्मा, बंटी तिवारी, मनोज मिश्रा, शिव शंकर मिश्रा, नंदन गोस्वामी, राम शंकर बाजपेई नंदकिशोर शर्मा के द्वारा 51 वृक्षा का रोपण किया गया साल भर में हमारा लक्ष्य 5000 वृक्ष रोपण करने का श्रावण मास माह में कामदा एकादशी के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महिला मंडल का भी विशेष सहयोग रहा।

## DKP इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में रोजगार पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे




छिंदवाड़ा! DKP इंस्टीट्यूट द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें की Thought Cube PVT. LTD. प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा बैंक ऑफिस एग्जीक्यूटिव प्रोफाइल के लिए साक्षात्कार लिए गए।जिसमें कि विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया यह कंपनी परासिया रोड स्थित Esaf बैंक के ऊपर चल रही है।इसके अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के ग्रामीण अंचल से बहुत सारे विद्यार्थी यहां पर पहुंचे जिसमें की लगभग 66 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। इनमें से 11 विद्यार्थियों का फाइनल सिलेक्शन हो गया है। अतः यह सभी विद्यार्थी 1 अगस्त से कंपनी में जॉइनिंग लेंगे इस मौके पर DKP इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर मिस्टर दौलत पटेल एवं प्रबंधक की टीम ने टीम का आभार व्यक्त किया तथा इस तरीके की प्लेसमेंट ड्राइव संस्था में निरंतर चालू है जो बेरोजगार युवक युवतियों नौकरी पाना चाहते है वह DKP इंस्टिट्यूट पोला ग्राउंड में आकर संपर्क कर सकते है! डीकेपी के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई शुल्क जॉब लगने हेतु नहीं लिया जाता है।

## नकुलनाथ ने किया डॉक्टरों का समर्थन



छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद एवं संवेदनशील नेता नकुलनाथ ने हमेशा हर वर्ग का ख्याल रखा है और उनकी आवाज़ उठाई है। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज पहुंच कर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे इंटर्न डॉक्टर्स का नगर निगम अध्यक्ष सोनू मागो ने समर्थन किया और उन्हें ये विश्वास दिलाया की उनकी इस लड़ाई में नेता नकुलनाथ के कहे अनुसार पूरी कांग्रेस पार्टी उनके साथ है। मध्यप्रदेश के एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टर की स्टाइपेंड मात्र 450 प्रतिदिन है जो की उनके कठिन परिश्रम के साथ न्याय नहीं करती । जबकी मध्यप्रदेश की तुलना में अन्य राज्यों में न्यूनतम 1000 रुपए प्रतिदिन दिया जा रहा है ।- 30000 प्रति माह की माँग जायज़ है । जिसे मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार लगातार नजरंदाज कर रही है । मैं सरकार से माँग करता हूँ कि इस विषय में जल्द से जल्द निर्णय लेकर मानदेय बढ़ाकर इंटर्न डॉक्टरो को उनका हक़ दिया जाए ।

## पशुपालन मंत्री से मिले भाजपा नेता



छिंदवाड़ा। मप्र शासन के पशुपालन विभाग के कैबिनेट मंत्री लखन पटेल से प्रदेश भाजपा कार्यालय भोपाल में सौजन्य भेट हुई इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल व पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा उमेश रघुवंशी,भाजपा नेता संदीप रघुवंशी सहित छिंदवाड़ा के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चौदह कॉलोनी घोषित हुई अवैध
# अब होगी एफआईआर

### अवैध कॉलोनी के विरुद्ध लगातार एक्शन मोड में निगम , जिला कलेक्टर के निर्देश पर लागातार हो रही कार्यवाही




छिंदवाड़ा। कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय द्वारा सतत रूप से नगर में बन रही अवैध कॉलोनियों पर कार्यवाही की जा रही है। पिछले दिनों निगमायुक्त द्वारा आदेश जारी करते हुए ग्यारह कॉलोनी को अवैध घोषित किया गया था। बुधवार को आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने पुनः बड़ी कार्यवाही करते हुए तीन कॉलोनियों को अवैध घोषित करते हुए सभी पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए।दिनेश कुमरे पिता राजाराम निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा पोआमा खसरा नं. 282/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1 कुल रकबा 1.150 हे0 भूमि, कमलेश गुप्ता पिता श्रवण गुप्ता निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा खजरी खसरा नं. 336/2/1/1/1/1/1 कुल रकबा 2.250 हे0 भूमि एवं निशाउद्दीन पिता गयासउद्दीन निवासी छिन्दवाडा द्वारा मौजा काराबोह खसरा नं. 95/1/1/1/1/1 कुल रकबा 1.050 हे0 भूमि पर कालोनी विकास की अनुज्ञा लिये बिना भूमि का उप विभाजन कर विक्रय किया जा रहा है। नगर निगम छिन्दवाडा के अभिलेखो में इन सभी भू स्वामियों के नाम से कालोनाईजर लाईसेंस नहीं पाया गया। अतिरिक्त कलेक्टर छिंदवाड़ा गठित जांच दल एवं तहसीलदार के प्रतिवेदन में पाया गया कि भू स्वामियों द्वारा द्वारा भूखण्डों का विक्रय किया जा रहा है जिस हेतु सक्षम प्राधिकारी से कोई विकास अनुमति नहीं ली गई है और न ही कालोनी में सड़क नाली पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। भू स्वामियों को नगर निगम आयुक्त द्वारा सुनवाई का पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद भी भू स्वामियों द्वारा समाधानकारक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक...

# बार-बार दुर्घटना प्रभावित स्थलों की पहचान कर कारणों का करें सूक्ष्म विश्लेषण: कलेक्टर

### सड़कों पर अनावश्यक खड़े बड़े वाहनों पर की जायेगी सख्ती से कार्यवाही



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की उपस्थिति में आज सड़क सुरक्षा के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहन चिंतन किया गया और उन्हें रोकने के पुख्ता कदम उठाने के संबंध में चर्चा एवं विश्लेषण उपरांत जिला सड़क सुरक्षा योजना 2024 का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा के साथ ही नवीन एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में डीएसपी ट्रैफिक श्री आर.पी.चौबे, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त सी.पी.राय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एवं सदस्य सचिव सड़क सुरक्षा समिति श्री आशिफ मंडल सहित एन.एच.ए.आई. और सड़कों से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में पिछले वर्ष और जारी वर्ष में हुई सड़क दुर्घटनाओं, घायलों, मृतकों की संख्या और दुर्घटनाओं के समय का गहन तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। विश्लेषण में सामने आया कि जनवरी 2024 से जुलाई 2024 तक मेजर सड़क दुर्घटनाएं शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे के बीच घटित होना दर्ज की गई हैं। जिनमें सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं दुपहिया वाहनों से दर्ज की गई हैं। सबसे ज्यादा मृत्यु एन.एच. में हुई दुर्घटनाओं में रिपोर्ट हुई हैं, जिनका प्रथम दृष्ट्या कारण ओवर स्पीड और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न करना है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले में पिछले दिनों में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाएं और उनमें हो रही मृत्यु चिंता का विषय है। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता कदम उठाएं। डीएसपी ट्रैफिक और अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऐसी सभी लोकेशन आइडेंटिफाई करें जहां सड़क दुर्घटनाओं में घायलों और मृतकों की संख्या सबसे ज्यादा रही है। सूक्ष्म विश्लेषण कर उनके कारण व निदान खोजें और उनका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। रात्रि में हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावित स्थलों के आस-पास शाम 6 से रात्रि 10 बजे के बीच वाहनों की सघन चेकिंग की जाए। ब्रेथ एनालाइजर और स्पीडोमीटर से भी जांच की जाए। एन.एच.ए.आई और पी.डबल्यू.डी के अधिकारी ओवर स्पीड के कारण हो रही दुर्घटना संभावित स्थलों के पूर्व की सड़कों और घुमावदार सड़कों पर डबल या ज्यादा संख्या में रंबल स्ट्रिप्स लगवाएं। इसी तरह मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली छोटी सड़कों में भी स्पीड ब्रेकर लगवाएं।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि शहर की सड़कों में कहीं भी बड़े वाहन और ऑटो खड़े करने वालों पर सख्ती से कार्यवाही करें। बार-बार उल्लंघन करने वालों पर परिवहन विभाग चालानी कार्यवाही करने के साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करे और डीएसपी ट्रैफिक एफ.आई.आर. दर्ज कराएं। रोड को पार्किंग न बनने दें। पुलिस अधीक्षक श्री खत्री ने निर्देश दिए कि ऐसे चिन्हांकित स्थलों पर परिवहन विभाग, प्रशासन और यातायात पुलिस की टीम प्रतिदिन बारी-बारी से औचक निरीक्षण कर सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में बताया गया कि मानसरोवर बस स्टैंड के सामने ऑटो स्टैंड के लिए स्थान का चिन्हांकन कर लिया गया है, बारिश के बाद मार्किंग भी करा दी जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों पर मिलने वाले सभी छोटे मार्गों के जंक्शन पॉइंट पर और टी.व्ही. सेनिटोरियम फ्लाई ओवर के दोनों ओर बारिश रुकने के बाद शीघ्रता से स्पीड ब्रेकर लगवाए जाएं, जिससे वाहन चालकों की रफ्तार कम की जाकर आशंकित दुर्घटनाओं को टाला जा सके। उन्होंने नगर पालिक निगम को निर्देश दिए कि ई.एल.सी.तिराहे के बाद सर्किट हाउस तिराहे और पाटनी पेट्रोल पंप चौराहे पर भी यातायात सिग्नल की स्थापना कराएं। रेलवे स्टेशन के सामने फ्लाय ओवर के बाजू में शनिचरा से आने वाले मार्ग पर आयरन पोल लगवाएं और रेलवे स्टेशन के सामने फ्लाय ओवर के रोड मीडियन को फ्लाय ओवर की ओर लगभग 15 फीट विस्तारित करने की कार्ययोजना बनाएं।

## मुंशी प्रेमचंद की जयंती व रफी साहब की मनाई पुण्यतिथि



**छिन्दवाड़ा।** साहित्य जगत के ख्यातिलब्ध लेखक मुंशी प्रेमचंद की जयंती व विख्यात गायक मोहम्मद रफी साहब की पुण्यतिथि कांग्रेस सेवादल के द्वारा स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन स्थित कांग्रेस सेवादल के कार्यालय में मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों ही महापुरूषों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।कांग्रेस सेवादल ने साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये वक्ताओं ने अपने-अपने विचार प्रगट किये। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने अपने उदबोधन में कहा कि मुंशी प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1880 को वाराणसी के लम्ही गांव में हुआ था। उनका असली नाम राम धनपत राय श्रीवास्तव था। मुंशी प्रेमचंद जी के साहित्य में आम जीवन की झलक नजर आती है। उनकी रचनाएँ आज भी युवाओं को संदेश देती है।

### रफी साहब की मनाई पुण्यतिथि

कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गायक मो. रफी साहब के गीत गाकर उन्हें याद किया गया और अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने कहा कि हिन्दी समेत 13 भाषाओं और अंग्रेजी समेत 7 विदेशी भाषाओं में गाने गाये हैं। देव आनंद, दिलीप कुमार, शम्मी कपूर जैसे दिग्गज अभिनेताओं को रफी साहब ने अपनी मधुर आवाज दी आज ही के दिन दुनिया से रुखसत हो गये। आयोजित दोनों ही कार्यक्रम में सुरेश कपाले, दीपक बाजपेयी, बलराम सिंह चौहान, देशराज बारस्कर, प्रशांत खडक्कर, रवि खेलवाड़ी, कादिर मंसूरी, शेषराव उइके, रमेश बेले, रमाकांत सातनकर, गजेन्द्र इंदौरकर, राकेश मरकाम, शबाना यास्मीन खान, फिरोज खान, संजय परेती, शिवकुमार सिसराम व अर्जुन बघेल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा गौ माता को पहने गए रेडियम बेल्ट



**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय हिंदू सेना जिलाध्यक्ष यमन साहू जिलाउपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव,ने बताया कि निरंतर गौ माता का रात्रि कालीन में लगातार दुर्घटना का शिकार हो रही थी जिसमे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का होती थी इस समस्या को ध्यान में रखकर राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा गौ माता को रेडियम बेल्ट( रेट्रो ) पहनाए गए जिससे अब कोई भी गौ माता किसी भी प्रकार की दुर्घटना का शिकार नहीं होगी इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना नगर प्रमुख दीपक चंद्रवंशी सयोजक गोविंद बम्होरे सावन गौहर मन्नू विश्वकर्मा एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला जेल में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया

**छिन्दवाड़ा।** राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर के मार्गदर्शन में गत दिवस जिला जेल में अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैदियों को फलों का वितरण किया गया। जीवन में मित्र की आवश्यकता, मित्रता से संवेदना और सहानुभुति का भाव जाग्रत होने से जुड़े अनुभव मास्टर ट्रेनर सहा.प्राध्यापक डॉ.साक्षी सहारे ने साझा किए। आनंदम सहयोगी सहायक लेखाधिकारी नवीन साहू ने गलती के लिए मित्र के समक्ष स्वीकारोक्ति, व्यवहार में विनम्रता तथा जीवन में सच्चे मित्र की आवश्यकता पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में डॉ.पवन नेमा ने भी मित्रता दिवस मनाने के उद्धेश्यों पर विचार व्यक्त किए।

## चौरई-सिवनी मार्ग में की गई वाहनों की सघन जाँच

### एक वाहन से लिया गया 5000 रूपये का जुर्माना एवं यात्री बस को किया गया जप्त



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज चौरई-सिवनी मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई । अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि चौरई-सिवनी मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करते पाये जाने पर 01 वाहन पर चालानी कार्यवाही कर 5000 रूपये जुर्माना लिया गया एवं 01 वाहन बस क्रमांक एमपी 28 पी 0213 जो कि कंडम अवस्था में संचालित पाया गया, जिसकी छत तिरपाल से ढकी हुई थी। जिसे जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

## सिंगोडी और हिवरखेड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण

सिंगोड़ी। छिंदवाड़ा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक संचालक डीपी डेहरिया एवं आई टी शैल प्रभारी राजेश कपाले सिंगोड़ी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं हिवर खेड़ी हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे जहां पर उन्होंने आज विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक व्यवस्थाओं को देखा साथ ही उपस्थित समस्त शिक्षकों की डेली डायरी सिलेबस उपस्तिथि पंजी शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधि का निरीक्षण किया एवं विद्यालय में संचालित उमंग कार्यक्रम, सीसीएलई गतिविधि, आई टी लैब, जे ई ई , नीट , प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी और कक्षा पीरियड को देखा साथ ही शिक्षको को विभिन्न आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस अवसर पर इन्होंने बताया कि आज हायर सेकेंडरी स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चो की कक्षाओं में पहुंचा अनेक शैक्षणिक विषयों को लेकर उनसे चर्चा की विषयो के बारे में बात की साथ ही बच्चो की समस्याओं का समाधान भी किया एवं शिक्षको से बच्चो के हितार्थ हेतु नीट और जे ई ई की कक्षा की लगातार कक्षा लगाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर जे ई ई और नीट की कक्षाएं विधिवत संचालित हो रही है किंतु पुस्तकों का वितरण नही हुआ जो देखने में आया है।

## 3 अगस्त को भाजपा आयोजित करेगी कार्यकर्ता आभार सभा

### विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करेंगे सांसद बंटी विवेक साहू



**छिंदवाड़ा।** भाजपा छिंदवाड़ा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि छिंदवाड़ा लोकसभा में देश की स्वतंत्रता के पश्चात् सम्पन्न समस्त आम चुनावों में प्रथम बार भारतीय जनता पार्टी का सांसद छिंदवाड़ा लोकसभा से विजयी हुआ है। यह विजय छिंदवाड़ा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के कड़े परिश्रम एवं पार्टी के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। इस ऐतिहासिक विजय का धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु छिंदवाड़ा में निवासरत् कार्यकर्ताओं के सम्मान में उनका आभार व्यक्त करने हेतु भाजपा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा कार्यकर्ता आभार सभा का आयोजन स्थानीय पूजा शिवी लॉन सिवनी प्राणमोती में 3 अगस्त शनिवार को दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। कार्यकर्ता आभार सभा के आमंत्रण पत्र वितरण का शुभारंभ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष द्वय अंकुर शुक्ला एवं रोहित पोफली, जिला कार्यालय मंत्री अलकेश लाम्बा द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष श्री शेषराव यादव जी को आमंत्रण पत्र देकर किया गया । इस अवसर पर नगर मंडल महामंत्री राजकुमार बघेल, पार्षद संदीप सिंह चौहान, माईकल पहाड़े, दीपक कोल्हे, दिन्शु यादव, संदीप वर्मा, जीतसिंह ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी क्रम में समस्त जनप्रतिनिधि एवं पार्षदों सहित छिंदवाड़ा के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आमंत्रण पत्र का वितरण जारी है। कार्यक्रम में भाजपा की छिंदवाड़ा लोकसभा आमचुनाव में प्रथम विजय के पश्चात् छिंदवाड़ा विधानसभा में निवासरत् प्रमुख रूप से बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त कर सम्मान किया जाएगा। कार्यकर्ता आभार सभा में सम्पूर्ण छिंदवाड़ा विधानसभा से कार्यकर्ता जुटेंगे। छिंदवाड़ा लोकसभा सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा 3 अगस्त को कार्यकर्ता आभार सभा में छिंदवाड़ा विधानसभा में निवासरत् समस्त कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आव्हान किया है।

## डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार ग्रहण किया



**छिंदवाड़ा।** डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का पदभार आज दिनांक 31 जुलाई' 2024 को श्री समीर कान्त माथुर से ग्रहण किया । श्री समीर कान्त माथुर वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप महाप्रबंधक (सा.) के पद पर पदस्थ हैं एवं वे उप महाप्रबंधक (सा.) के साथ साथ मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार भी देखरहे थे। डॉ. सुस्कर विपुल विलासराव भारतीय रेलवे परिचालन सेवा (आईआरटीएस) के 2014 बैच के अधिकारी है । डॉ.सुस्कर विपुल विलासराव मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थापना के पूर्व दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (यात्रीसेवा) के पद पर पदस्थ थे । साथ ही ये मध्य रेलवे के सोलापुर, भूसावल व नागपुर रेल मंडल में परिचालन एवं वाणिज्य विभाग के अलग-अलग पदों सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबन्धक तथा उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक (गतिशक्ति) के पद पर भी कार्य कर चुके हैं ।

## पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प ले रही युवा भाजपा नेताओं की टीम

### शहर में 300 ट्री गार्ड से कवर किए जाएंगे पौधे



**छिंदवाड़ा।** सांसद विवेक बंटी साहू की प्रकृति को हरा-भरा करने की पहल को आगे बढ़ते हुए आज नगर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया, साथ ही वृक्ष लगाकर उसे जाली के माध्यम से सुरक्षित किया गया और यहां कार्य सांसद जी की प्रेरणा से लगातार 3 वर्षों से किया जा रहा है और आगे भी इसी तरह प्रकृति को हरा भरा करने का कार्य जारी रहेगा। शहर में 300 पौधे लगाकर उसे ट्री गार्ड से कवर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिट्टू मण्डराह, अनुज मल्होत्रा, रवि मालवी अंकित तिवारी, अंकित सोलंकी,मयुर चौरसिया, अमित चौरसिया, नवीन बारस्कर, अंकित ढोक, प्रथम राजपूत, राममोहन सूर्यवंशी रोहन लोट जय यदुवंशी,गोपाल नथानी, एश्वर्य बड़ेरिया, सानु पाल, रिषभ ताम्रकर एवं एएसआई बघेल, प्र.आरक्षक खेमचंद्र अहिरवार एवं समस्त थाना कोतवाली का स्टाप उपस्थित रहा।

## विधायक ने अवकाश घोषित करने के लिए शासन को लिखा पत्र

बदनावर। विधायक भंवरसिंह शेखावत ने मप्र शासन को पत्र लिखकर विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया है। मीडिया प्रभारी महेश पाटीदार ने बताया कि बदनावर विधायक भंवरसिंह शेखावत की ओर से शासन को पत्र भेज कर विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया। पत्र में बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया है। जिसे विश्वभर में आदिवासी समाज हर्ष उल्लास से मनाते हैं। प्रदेश में सभी वर्ग के धार्मिक त्योहार और महापुरुषों की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# नेकी की दीवार थैला बैंक , पुस्तक बैंक , बर्तन एवं खिलौना बैक , जूता बैंक का शुभारंभ



छतरपुर। नगर परिषद लवकुश नगर के अध्यक्ष जीतेंद्र खटीक , ने नगर को कचरा रहित शहर बनाने की पहल करते हुये 3 आर सिद्धांत में रीयूज के अंतर्गत नेकी की दीवार थैला बैंक , पुस्तक बैंक, बर्तन एवं खिलौना बैक , जूता बैंक कार्यक्रम का शुभारंभ किया मुख्य नगर पालिका अधिकारी महादेव प्रसाद अवस्थी ने शहर में पुरानी सामग्री के पुनः उपयोग हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया पूर्व सी. एम.ओ. एवं कचरा प्रबंधन के विशेषज्ञ डी डी तिवारी ने

नेकी की दीवार बर्तन एवं खिलौना बैंक थैला बैंक जूता बैंक पुस्तक बैंक की उपयोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडी तिवारी ने रहवासी संघ स?वसहायता समूहो स?वयंसेवी संगठनो के सहयोग से संचालित करने का सुझाव दिया उन्होंने बताया कि उपरोक्त बैंकों के माध्यम से सभी घरो में अतिरिक्त रोप से रखी हुई सामग्री का उचित उपयोग किया जा सकता है 7 नेकी की दीवार के अंतर्गत जिनके पास अतिरिक्त कपडे , पुस्तके , खिलोने, जूते चप्पल , थैले या अन्य सामग्री रखी है वे इसे यहाँ जमा करा सकते है 7 और जिन्हें इनकी जरुरत है वे यहाँ से ले जा सकते है , इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जीतेंद्र खटीक , उपाध्यक्ष वंदना प्रवीण रिछारिया ने जरुरत मंदों को सामग्री का वितरण किया 7 तथा नगर वासियों से अपील की कि नेकी की दीवार एवं उपरोक्त बैंकों को संचालित करने के लिए पुरानी सामग्री नगर परिषद् के इस बैंक में जमा करावे ताकि जरुरत मंद इस योजना का लाभ ले सके 7 इस अवसर पर नोडल अधिकारी अमितेश अवस्थी सहायक नोडल अधिकारी शीतेंद्र कुमार शर्मा , रमेश तिवारी , भूपेन्द्र सिंह एवं पार्षद दानिश खान, गुलाब सिंह एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

## रंगीन रोटी से सजी है बच्चों की पोषण युक्त थाली

कलेक्टर के निर्देशन में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दिया जा रहा पोषणयुक्त भोजन

छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पोषण युक्त रंगीन रोटी खिलाई जा रही है। साथ ही सब्ज़ी और दाल में पालक एवं मुनगा के पत्ते डाले जा रहे है। ताकि भोजन को और भी पोषण युक्त बनाया जा सके। जिससे बच्चे स्वस्थ रहे। जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों पर रोटी को रंगीन बनाकर बच्चों में भोजन के प्रति रुचि बढ़ रही है। राजनगर सीडीपीओ रजनी शुक्ला ने बताया की राजनगर और खजुराहो में भी आंगनबाड़ी केंद्रों पर रंगीन रोटी खिलाई जा रही है।



देश और परिवारों की
आधार स्तंभ हमारी प्रिय बहनों को
सशक्त और स्वावलंबी जीवन की
अनंत शुभकामनाएं

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# भैया मोहन यादव का
# लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन के पावन पर्व का उपहार



- हर बहन को ₹ 1250 के अतिरिक्त राखी शगुन के ₹ 250
- ₹450 में सस्ते गैस रीफिल की मिलती रहेगी सौगात



## प्रदेश स्तरीय
## आभार सह-उपहार कार्यक्रम
## शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव
द्वारा

1 अगस्त, 2024

| पूर्वाह्न 11:00 बजे | अपराह्न 4:00 बजे |
|---|---|
| सतना | सिंगरौली |

D-11039/24

"बहनों के आंगन में खुशियां बिखरी रहें, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास बना रहे। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारी सरकार निरंतर अपने कर्तव्य का पालन करती रहेगी।"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**अन्य जिलों में कार्यक्रम**

3 अगस्त - दमोह, नरसिंहपुर
5 अगस्त - बालाघाट, मंडला, बैतूल
10 अगस्त - श्योपुर, टीकमगढ़
17 अगस्त - अनूपपुर, डिंडौरी

- मुख्यमंत्री देंगे लाड़ली बहनों को 'उपहार संदेश' एवं 'आभार पाती'
- **'एक पेड़ माँ के नाम'** अभियान के तहत होगा पौधारोपण
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024